(09H)

SSC EXAMINATIONS - 2025-2026

# MODEL PAPER - I

**Time : 3.15 Hrs.** **HINDI (Second Language) (09H)** **[ Max. Marks : 100**

**सूचना :**

1. **प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**
2. **सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखे।**
3. **प्रश्न पत्र में कुल पाँच भाग हैं।**
4. **भाग II, III और IV में आंतरिक विकल्प हैं ।**

## भाग - I

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। (आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा ।)**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

हमारे ग्रह के जल में एक विशेष प्रकार के विषाणुओं के मिल जाने के कारण वह जहरीला हो गया है। उसके उपयोग से हमारे ग्रह पर महामारी फैल गई है, जिससे वहाँ के लोग मरने लगे हैं। हमने तो उन विषाणुओं को नष्टकर दिया है। लेकिन जल में घुले जहर को अभी तक पहचान नहीं पाए हैं। जल को विषहीन बनाने में समय लगेगा।

**प्रश्न :**

अ) लेखक ने इस कहानी में किसके संरक्षण के बारे में बताया ? **2M**

आ) विषाणुओं के मिल जाने से जल कैसा बन गया ? ( ) **1M**

A) अमृत B) मीठा C) जरहीला D) खारा

इ) महामारी कहाँ फैल गई है ? ( ) **1M**

A) ग्रह पर B) भूमि पर C) नदी पर D) सागर पर

ई) विषाणुओं के जल को क्या करना है ? ( ) **1M**

A) विषैला B) विषहीन C) विषपूरित D) विषसहित

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

मन में श्रद्धा और प्रेम का अद्भुत दृश्य दिखायेंगे।
सत्य, अहिंसा, त्याग, समर्पण की बगिया महकायेंगे ।
जग के सारे क्लेश मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनायेंगे ।
विश्व बंधुत्व का मूल मंत्र हम, दुनिया में सरसायेंगे ।।

**प्रश्न :**

अ) भारतवासी कैसी बगिया को महकाना चाहते है? **2M**

आ) भारतवासी धरती को स्वर्ग कैसे बनायेंगे?( ) **1M**

A) क्लेश मिटाकर B) प्रेम मिटाकर C) सत्य मिटाकर D) धैर्य मिटाकर

इ) भारतवासी श्रद्धा और प्रेम का दृश्य कहाँ दिखाना चाहते हैं ? ( ) **1M**

A) घर में B) बाजार में C) स्कूल में D) मन में

ई) भारतवासी कौन सा मूलमंत्र दुनिया में सरसाना चाहते हैं ? ( ) **1M**

A) विश्वबंधुत्व का B) अहिंसा का C) समर्पण का D) श्रद्धा का

**3. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

युद्ध से कभी शांति स्थापित नहीं हो सकती बल्कि सभी देशों के बीच चर्चा एवं सहयोग के द्वाराशांति की स्थापना की जा सकती है। इसी उद्देश्य से 24 अक्तूबर 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई। इसका मूल उद्देश्य है - 'विश्व के सभी देशों के बीच शांति की स्थापना करना।' इतना ही नहीं शांति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हरवर्ष नोबेल पुरस्कार भी दिया जाता है ।

**प्रश्न :**

अ) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना का उद्देश्य क्या है? **2M**

आ) युद्ध से किसकी स्थापना नहीं हो सकती?( ) **1M**

A) छल B) कपट C) शांति D) डर

इ) शांति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए कैसा पुरस्कार दिया जाता है ? ( ) **1M**

A) नोबेल B) पद्मश्री C) पद्मभूषण D) जातिरत्न

ई) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई?( ) **1M**

A) 1947 B) 1945 C) 1949 D) 1948

**4. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

1 रविवार 13 अप्रैल 1919 वर्ष प्रतिपदा हिंदुओं का नूतन वर्ष वैशाखी का धार्मिक पर्व था। श्रद्धालु लोगों ने पवित्र स्थान स्वर्ण मंदिर के सरोवर में स्नान किया। मंदिर में अपना मत्था टेककर जलियाँवाला बाग में

www.apteachers.in

एकत्रित हुए थे। वहाँ एक आम सभा हो रही थी। देश भक्त युवक हँसराज ने अपने नेताओं डॉ. किचलू और डॉ. सत्यपाल को अंग्रेज शासकों द्वारा अकारण देश से निकाले जाने के विरोध में आमसभा आयोजित की थी। इस सिलसिले में उसने नगर में हडताल भी करवाई थी।

**प्रश्न :**

अ) जलियॉवालाबाग में आम सभा क्यों आयोजित की थी ? **2M**

आ) वैशाखी का धार्मिक पर्व किनका नूतन वर्ष था?
A) जैनों का B) हिंदुओं का ( )**1M**
C) मुसलमानों का D) ईसाइयों का

इ) लोग कहाँ एकत्रित हुए ? ( ) **1M**
A) जलियॉवालाबाग में B) पंजाब में
C) स्वर्णमंदिर में D) सरोवर में

ई) आमसभा किसके द्रारा आयोजित किया गया है?
A) किचलू B) सत्यपाल ( ) **1M**
C) अंग्रेज शासक D) हँसराज

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

गिरने से डरना नहीं, हर बार उठना सीख,
हार जीत का खेल है जीवन, अनुभवों को लिख ।
हिम्मत हो अगर दिल में, पहाड भी झुक जाएगा,
जो खुद पर रखे भरोसा समय भी रुक जाएगा ।

**प्रश्न :**

अ) कवि के अनुसार जीवन किस तरह का खेल है? **2M**

आ) किससे नहीं डरना है ? ( )**1M**
A) उठना B) गिरना C) बैठना D) सोना

इ) दिल में क्या होने पर पहाड भी झुकता है? ( ) **1M**
A) हिम्मत B) डर C) भय D) खुश

ई) किस पर भरोसा रखने से समय भी रुक जाएगा?
A) दूसरों पर B) भाई पर ( ) **1M**
C) मित्र पर D) खुद पर

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 5M**

काका कालेलकर का पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है। उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्यु सन् 1991 में हुआ। इन्होंने आजीवन गाँधीवादी विचारधारा का पालन किया। इन्होंने हिंदुस्तानी प्रचार सभा, वार्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं ।

**प्रश्न :**

अ) काका कालेलकर का पूरा नाम ........... है।

आ) .......... ने आजीवन गाँधीवादी विचार धारा का पालन किया ।

इ) काका कालेलकर का जन्म ......... में हुआ ।

ई) काका कालेलकर ......... के सदस्य हैं ।

उ) काका कालेलकर ने ........ की खूब सेवा की ।

**7. संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए । 5M**

अ) बिहारी
i) जन्म 1595 में ii) मृत्यु 1663 में
iii) सतसई iv) दोहे नीतिपरक
v) गागर में सागर भरना

आ) आर.पी. निशंक
i) रमेश पोखरियाल निशंक ii) देशभक्ति
iii) आधुनिक साहित्यकार iv) मातृभूमि के लिए
v) समर्पण, नवंकुर, मुझे विधाता बनना है

## भाग - II

**II. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखए। $4 \times 4 = 16$M**

**8.** अ) रहिमन पानी ....... मानुष चूना । (दोहे की पूर्ति कीजिए।)
(या)
आ) सावन में प्रकृति की सुंदरता पर अपने विचार लिखिए।

**9.** अ) हामिद ने चिमटा क्यों खरीदा ?
(या)
आ) भारतीय संविधान में हिंदी का क्या स्थान है ?

**10.** अ) एकांकी के आधार पर बताइये कि स्वराज्य की नींब का क्या तात्पर्य है ?
(या)
आ) जल स्त्रोतों के रख-रखाव के बारे में आपके सुझाव प्रस्तुत कीजिए ।

**11.** अ) अरुणा और चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार बताइये ।
(या)
आ) राजा कुमारवर्मा के राज्य में अकाल की स्थिति क्यों उत्पन्न हुई होगी ?

www.apteachers.in

## भाग - III

**III. निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**12. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) मेहनत ही सफलता की कुंजी है। कण-कण का अधिकारी पाठ के आधार पर इसे स्पष्ट कीजिए ?

(या)

आ) रैदास की भक्ति भावना का वर्णन कीजिए ।

**13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) मनोरंजन की दुनिया में लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान है। 'लोकगीत' पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(या)

आ) टेसी थॉमस अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानती हैं। क्यों ?

## भाग - IV

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**14. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) राम विनुकोंडा में रहता है। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली जाना चाहता है। तथ्य को आधार बनाकर प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए ।

(या)

आ) किसी ऐतिहासिक स्थान का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखिए।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए।** **1 × 10 = 10M**

अ) पर्यावरण और प्रदूषण

आ) राष्ट्रीय त्योहार जनवरी 26

इ) पुस्तकालय

ई) दूरदर्शन

## भाग - V (भाषा की बात)

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **15 × 1 = 15M**

16. मुझे राम रतन धन मिला। रेखांकित शब्द का तत्सम रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| रत्न | रातन | रतान |

17. हम इन्द्रधनुष के झूलों में झूलेंगे। वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| झूलों में | हम | झूलेंगे |

18. उन्नीस सौ सतहत्तर-हिंदी अक्षरों को पढ़कर संख्याओं को विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

| | | |
|---|---|---|
| 1976 | 1977 | 1978 |

19. लोकगीत सीधे जनता ....... संगीत हैं। (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचाकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

20. हिंदी सीखने से रोजगार खिलते हैं। (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| जीविका | बेरोजगार | कार्य |

21. हामिद जिमटा खरीदता है। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| बेचता | लिखता | पढ़ता |

22. भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे । (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगुसमास | तत्पुरुष समास |

23. कन्याकुमारी में सूर्योदय अत्यंत सुंदर लगता है । (रेखांकित शब्द का संधि-विच्छेद विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यो + उदय | सूर्य + उदय | सूर्या + उदय |

24. हम निराशा को दुर भगायेंगे। (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| निर | नि | निरा |

25. हमें देशभक्ति की आवश्यकता है। (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| कता | ता | आ |

26. लक्ष्मीबाई स्वराज्य की नींव का पत्थर बनाना चाहती थी। (वाक्य में प्रयुत्त मुहावरा शब्द पहचानिए।)

| | | |
|---|---|---|
| नींव का पत्थर | स्वराज्य | लक्ष्मीबाई |

27. शिष्य गुरू की सेवा करता है । (वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| |
|---|
| शिष्या गुरु की सेवा करता है। |
| शिष्य गुरू की सेवा करती है । |
| शिष्या गुरू की सेवा करती है । |

28. मैं युद्धभूमि जा रहा हूँ । (वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| |
|---|
| हम युद्ध भूमि में जा रहा है । |
| हम युद्ध भूमि में जा रहा हूँ । |
| हम युद्ध भूमि में जा रहे हैं । |

29. हम लोग अपना मिशन चुपचाप पूरा करेंगे । वाक्य का वर्तमान रुप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।

| |
|---|
| हम लोग अपना मिशन चुपचाप पूरा करते हैं । |
| हम लोग अपना मिशन चुपचाप पूरा करें । |
| हम लोग अपना मिशन चुपचाप पूरा किये । |

30. हम पढ़ना चाहिए। (वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से परचानकर लिखिए ।)

| |
|---|
| हमें पढ़ना चाहिए। |
| हम पढ़ने चाहिए । |
| हम पढ़नी चाहिए । |

www.apteachers.in

# ANSWERS

**भाग - I**

**1.** अ) लेखक ने इस कहानी में जल के संरक्षण के बारे में बताया।

आ) जहरीला (C)

इ) विषहीन (B)

ई) ग्रहपर (A)

**2.** अ) भारतवासी सत्य, अहिंसा, त्याग और समर्पण की बगिया महकाना चाहते हैं ।

आ) क्लेश मिटाकर (A)

इ) मन में (D)

ई) विश्व बंधुत्व (A)

**3.** अ) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थानपना का मूल उद्देश यह है कि विश्व के सभी देशों के बीच शांति की स्थापना करना ।

आ) शांति (C)

इ) नोबेल पुरस्कार (A)

ई) 1945 (B)

**4.** अ) किचलू और डॉ. सत्यपालको अंग्रेज शासकों द्वारा देश से निकाले जाने के विरोध में आयोजित की थी।

आ) हिंदुओं का (B)

इ) जलियाँवालाबाग में (A)

ई) हँसराज (D)

**5.** अ) जीवन हारजीत का खेल है ।

आ) गिरना (B)

इ) हिम्मत (A)

ई) खुद पर (D)

**6.** अ) दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर

आ) काका कालेलकर

इ) 1885

ई) राज्यसभा

उ) हिंदी

**7.** अ) बिहारी का जन्म 1595 में हुआ। मृत्यु 1663 में हुई। वे हिंदी के प्राचीन कवि हैं। वे राजा जयसिंह के राजकवि है। ''बिहारी सतसई'' उनकी प्रसिद्ध रचना है। उनके दोहे नीतिपरक होते है। उनके दोहे गागर में 'सागर' भर देते है।

आ) आर.पी.निशंक का पूरा नाम रमेशपोखरिलियाल निशंक है। उनकी रचनाएँ देशभक्ति से संबंधित होते हैं। आधुनिक साहित्यकारों में उनका प्रमुख स्थान है। ''भारतवासी'' कविता इनकी ''मातृभूमि के लिए'' संग्रह से ली गई है। 'समर्पाण', 'नवंकुर',मुझे विधाता बनना हैं, 'जीवन पथ में', 'तुम भी मेरे साथ चलो' आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

**भाग - II**

**8.** अ) रहिमन पानी राखिए बिनपानी सब सून।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून ।।

या

आ) श्रावण मास में प्रकृति की सुंदरता देखनेलायक होती है। श्रावण मास के बादल झम-झम बरसते हैं। वर्षा की बूँदें पेड़ों से छलकती हुई छम-छम गिरती हैं। बादलों के घोर अंधकार के बीच बिजली चमकती है। दिन भी रात जैसा लगता है। इस समय हमारा मन सपने देखने लगता है। वर्षा से धरती पर जल धाराएँ बहती हैं। मिट्टी के कण-कण में कोमल अंकुर आकर पुलकित होते हैं ।

**9.** अ) यह प्रश्न ''ईदगाह'' नामक कहानी पाठ से दिया गया है। इसके लेखक मुंशी प्रेमचंद हैं। हामिद के पास तीन पैसे थे। लोहे की दूकान में उसने चिमटा देखा। उसे ख्याल आयाकि दादी तवे से रोटी उतारते समय उसकी उँगलियाँ जल जाती हैं । चिमटा ले जाकर दादी को देता हूँ। इसे देखकर वह खुश होगी। चिमटे का उपयोग करने पर उँगलियाँ नहीं जलेंगी ऐसा सोचकर हामिद ने चिमटा खरीदा।

या

आ) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। यह काम हिंदी भाषा से सफल हुआ। हिंदी भारतीयों को एकता के सूत्र में बाँधती है। हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते है।

www.apteachers.in

भारतीय संविधान ने देश के वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रख लिया। इसलिए अनुच्छेद 343(1) के तहत हिंदी को 14 सितंबर 1949 को राजभाषा के रूप में गौरवान्वित किया। तब से हम रह वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाते है। हिंदी राष्ट्रभाषा के साथ-साथ राजभषा भी है। इसलिए भारत देश के सभी काम-काज हिंदी में ही हो रहे हैं।

**10.** अ) यह प्रश्न ''स्वराज्य की नींव'' एकांकी पाठ से दिया गया है। इसके लेखक विष्णु प्रभाकर हैं ।''स्वराज्य की नींव'' का तात्पर्य यह है कि - स्वराज्य की स्थापना के लिए भूमि तैयार करना । मातृभूमि को स्वतंत्र रखने के लिए प्रयास करना । विदेशों से अपने राज्य की रक्षा के लिए तैयार होना । यदि स्वतंत्रता न मिलता तो देश के लिए बलि होना । आगे पीढियों के लिए प्रेरणादायक बनना। स्वराज्य की नींव का पत्थर बनना ।

या

आ) यह प्रश्न ''जल ही जीवन है'' कहानी से दिया गया है। लेखक श्री प्रकाश हैं। जल स्त्रोतों के रख-रखाव के बारे में मेरे ये सुझाव हैं -

1) विषपूरित चीजों को नदी-नालों में न बहाना है ।
2) नदी-नालों पर बाँध-बना कर जल को रोकना है ।
3) प्लास्टिक के उपयोग को रोकना है, पर्यावरण का संरक्षण करना है ।
4) जल को व्यर्थ नहीं करना है ।
5) वर्षा के पानी को संचय करना है ।

**11.** अ) यह प्रश्न 'दो कलाकार'' नामक उपवाचक पाठ से दिया गया है । अरूणा और चित्रा दोनों सहेलियाँ हैं। दोनों हॉस्टल में रहती हैं । अरुणा समाज सेविका है । अनाथों की सहायता करती है । पीड़ितों की सेवा में अपने को धन्य मानती है। चित्रा एक महिला चित्रकारिणी है । वह चित्र कला को अपना सर्वस्व मानती है ।

या

आ) यह प्रश्न ''अनोखा उपाय'' नामक उपवाचक पाठ से दिया गया है। हरितनगर राज्य का राजा कुमारवर्मा था । वह एक अच्छा शासक था । कुमारवर्मा के शासन काल में राज्य हरा-भरा रहता था । लेकिन एक समय अकाल पड़ा। राजा कुमारवर्मा से अनजाने में कोई भूल हो गई होगी जिसके फलस्वरूप राज्य में अकाल की स्थिति उत्पन्न हुई होगी ।

**12. अ) कण-कण का अधिकारी**

'कण-कण का अधिकारी' कविता के कवि डॉ. रामधारी सिंह दिनकर हैं । वे हिंदी के राष्ट्रकवि हैं । उनके 'उर्वशी' काव्य पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला । प्रस्तुत 'कण-कण का अधिकारी' कविता उनके 'कुरुक्षेत्र काव्य से लिया गया है । कुरुक्षेत्र युद्ध से विचलित धर्मराज को भीष्म पितामह ने इस प्रकार संदेश दिया। इसमें मेहनत की महानता का वर्णन किया गया है ।

''हे धर्मराज! एक व्यक्ति पाप करके धन कमाता है । इस कमाई को अपने भाग्य से और एक व्यक्ति भोगता है । यही भाग्यवाद का छल है । मानव समाज का भाग्य श्रम और भुजबल हैं । मेहनत और भुजबल के सामने भूमि और आकाश सिर झुकाते हैं। देश की समृदिध और उत्पादकता का मूल कारण मेहनत करनेवाले हैं । वे ही समाज के अन्नदाता और सुखदाता हैं । इसलिए श्रम जल देनेवालों को पीछे नहीं रखना है । उन्हें सदा आगे रखना है । अनुचित तरीके से धम अर्जित करना पाप है । वह सही नहीं है । श्रम करके कमानेवाला समाज की भलाई करता है । वह व्यक्ति सही होता है ।

प्रकृति में निक्षिप्त संपदा हर एक व्यक्ति का है। प्राकृतिक संपदा के हर एक कण पर उसे अधिकार है। इसलिए हर मनुष्य कण-कण का अधिकारी है । नर समाज भुजबल पर आधारित है । श्रम और भुजबल ही उसका भाग्य हैं । 'श्रमयेव जयते' की सूक्ति वह सच करता है । इसलिए मेहनत ही सफलता की कुंजी है ।

या

www.apteachers.in

**आ) रैदास की भक्ति भावना**

रैदास ज्ञानमार्गी शाखा के प्रमुख कवि हैं । वे निर्गुण परब्रह्मा के उपासक हैं । प्रभु के प्रति रैदास की भक्ति दास्य भक्ति है । रैदास की चौपाई का भाव इस प्रकार है । वे भगवान को चंदन और अपने को पानी कहते हैं । चंदन और पानी के मिलन से अंग-अंग में खुश्बू फैलती है । वे भगवान को बादल और अपने को मोर कहते हैं । घने बादलों को देख कर मोर आनंद से नाचता है ।

वे भगवान को चाँद और अपने को चकोर मानते हैं । वे भगवान को मोती और अपने को धागा मानते हैं । वे भगवान को स्वामी और अपने को दास मानते हैं । उनके अंग-अंग में भाक्ति भावना है। इस प्रकार उनके चौपाई पद रागात्मक शैली में है

**13. अ) लोकगीत**

लोकगीत निबंध के लेखक भगवत शरण उपाध्याय है। वे हिंदी के प्रसिद्ध रचनाकार है। इन्होंने कहानी, कविता, रिपोर्ताज, निबंध, बाल साहित्य आदि लिखे हैं । प्रस्तुत निबंध में भारतीय लोकगीतों का वर्णन सुंदर ढंग से किया गया है । लोकगीत लचीला, ताजा, मार्मिक और लोकप्रिय होते हैं । वे सीधे जनता के संगीत है । लोकगीत और संगीत दोनों जनता के हृदयस्पर्शी गीत हैं। संगीत की भाषा साहित्यक होती है । लोकगीत की भाषा जनभाषा और बोली होती है । गानेवाले ग्रामीण हैं । ये गीत ग्रामीणों के दैनिक कार्यक्रमों से संबंधित होते हैं । शादी, त्योहार, जन्म, मनोरंजन आदि के अवसर पर स्त्री-पुरुष मिल कर गाते हैं ।

वास्तविक लोकगीत गाँवों में होते हैं । इनमें बडी जान होती है। बारहमासा बारह पद्यों से युक्त सांप्रदायिक गीतमालिका है । इसमें विरह वेदना का वर्णन होता हैं। ये बिहार के लोकगीत है । पहाडियों के अपने - अपने लोकगीत हैं । उनका रुप भिन्न हैं। गढवाला, किन्नौर आदि के अपने-अपने गीत हैं । उनका अलग नाम ही पहाडी है । विदेसिया भोजपुरी का लोकगीत है । गानेवाले समूहों में गाते हुए फिरते हैं । इन गीतों में विरह वेदना और करुण रस बरसता है ।

भारत देश में स्त्रियों के लोकगीत हैं। स्त्रियाँ ही लिखती और गाती हैं । इनका संबंध स्त्रियों से है । उदाहरण के लिए गुजरात में गरबा और व्रज में रसिया। लोकगीत आह्लाद और आनंद के प्रवाह हैं । ये ग्रामीण जनता के मनोरंजक साधन हैं । ये स्वेच्छा जीवन के प्रतीक हैं ।

या

**आ)** धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब' एक संकलित साक्षात्कार पाठ है । इसमें कुछ छात्रों ने ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का साक्षात्कार किया । 'इंडिया टुडे' पत्रिका के साक्षात्कार्ता ने मिजाइल उमेन टेसी थॉमस का साक्षात्कार किया । बचपन से ही टेसी थॉमस अंतरिक्ष के सपने देखती थी । उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ निश्चय से सन् 1985 में डी.आर.डी.ओ. के अग्नि - 5 कार्यक्रम की निर्देशिका बनी । भारत की मिजाइल प्राँजेक्ट की पहली महिला बनने का गौरव उन्हे प्राप्त हुआ । अब्दुल कलामजी उनके गुरु हैं । अपने गुरू के प्रति उनकी बातें इस प्रकार हैं - ''अंतरिक्ष विज्ञान की बात आने पर सभी के मन में अब्दुल कलाम जी का नाम गूँजता है । वे देश के ही नहीं पूरी दुनिया के आदर्श हैं ।''

अब्दुल कलामजी ने दुनिया के मानचित्र मे भारत को उच्च्य स्थान दिया है । इसके लिए सब भारतीय उनके ऋणी हैं । मैं गर्व के साथ कहना चाहती हूँ कि - वे मेरे गुरु हैं । मै उन्हें अपना आदर्श मानती हूँ । उन्होंने बच्चों को इस प्रकार सुझाव दिया - बच्चे जो भी पढ़े ध्यान से पढ़े । मेहनत करें और लक्ष्य प्राप्त करने तक रुके नहीं । जो उन्हे पसंद है, उसमें अपना जी-जान लगा दें । कमर कसकर तैयारी करें। सफलता आवश्य उनके कदम चूमेगी । यही उनका संदेश है ।

www.apteachers.in

14.

विनुकोंडा,
दि x x x x.

प्रेषक का पता :
वी. राम,
दसवीं कक्षा,
सरकारी पाठशाला,
विनुकोंड़ा ।

सेवा में
श्री प्रधानाध्यापक,
सरकारी पाठशाला,
विनुकोंड़ा ।

पूज्य अध्यापकजी,

प्रणाम। मेरा नाम वी-राम है। मैं दसवीं कक्षा पढ़ता हँ। अगले सप्ताह में अपने परिवारवालो क दिल्ली विहारयात्रा जा रहे हैं। मैं भी जाना चाहता हूँ। कृपा करके मुझे जाने की अनुमति दीजिए। ....... से ....... तक छुट्टी मंजूर कीजिए।

धन्यवाद ।

आपका विनम्र छात्र,
वी. रामू,
दसवीं कक्षा,
क्रम संख्या x x x ।

(या)

**आ)**

गुंटुर,
दि x x x x.

प्रिय मित्र,

मैं कुशल हूँ । आशा है कि तुम भी कुशल होगे। पिछले सप्ताह मै अपने मित्रों और अध्यापकों के साथ हैदराबाद विहार यात्रा गया। आज हैदराबाद तेलंगाना राज्य में है। हम वहाँ बिर्ला मंदिर, सालारजंग म्यूजियम, चारमीनार, गोलकोंडा, नेहरु जुआलाजिकल पार्क, असेंब्लीभवन, टांकबंड आदि देखे। वापसी यात्रा में नागार्जुन सागर देखे। सचमुच हमारी यात्रा बहुत आनंददायक रही। तुम भी अपनी देखी हुई किसी यात्रा के बारे में लिखो। तेरे माता-पिता से मेरे प्रणाम कहना ।

तुम्हारा प्रिय मित्र,
x x x x.

पताः
वी. हनुमंतराव,
शांतिनगर,
डो.नं. 26 -12/24,
गुंटूर ।

**15. अ) पर्यावरण और प्रदूषण**

**1. प्रस्तावना :**
पर्यावरण का अर्थ वातावरण है । पर्यावरण प्रणिकोटि का रक्षा कवच है । प्राणियों का जीवन पर्यावरण पर आधारित है । पर्यावरण में संतुलन होना है । इससे प्रणिकोटि स्वस्थ रहती है । लेकिन आजकल पर्यावरण बिगड रहा है । इससे प्रदूषण फैल रहे हैं । ये प्रदूषण चार प्रकार के हैं ।

1. भूमि प्रदूषण
2. जल प्रदूषण
3. वायु प्रदूषण
4. ध्वनि प्रदूषण

**2. विषय प्रवेश :**

**1. भूमि प्रदूषण :** भूमि पर रहनेवालों को प्राणवायु की आवश्यकता है । यह प्राणवायु हरे-भरे पेडों से मिलती है । इनको काटने से भूमि प्रदूषित हो रही है। प्लास्टिक का विनियोग भी इस प्रदूषण को बढ़ा रहा है ।

**2. जल प्रदूषण :** कारखानों के कूडे - कचरे नदी-नालों में डालने से जल प्रदूषण बढ़ रहा है ।

**3. वायु प्रदूषण :** हमारे चारों ओर के कल कारखानों से धुआँ उगल रहा है । इससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है ।

**4. ध्वनि प्रदूषण :** बसें, यानें, रेल, मोटर आदि वाहनों और कार-खानों के शोर से ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है।

**निवारण :** प्रदूषण को रोकना हमारा कर्तव्य है । इसके लिए हमें ये काम करना है ।

1. पेड-पौधों को न काटें ।
2. कूडे-कचरे नदी या नालों में न बहायें ।
3. वाहनों का धुआँ कम करें ।
4. आसपास के वातावरण को शुद्ध रखें ।
5. पेड-पौधे लगाएँ ।
6. भूमि, हवा और जल को शुद्ध रखें ।
7. प्लास्टिक का विनियोग छोड दें ।

**उपसंहार :** पर्यावरण हमारा रक्षा कवच है। इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है । नहीं तो धरती पर प्राणिकोटी का जीना असंभव है।

**आ) राष्ट्रीय त्योहार जनवरी 26**

**प्रस्तावनाः** हमारे भारत देश में दो प्रकार के त्योहार मनाते हैं। 1) धार्मिक त्योहार 2) राष्ट्रीय त्योहार। 15 आगस्त `1947 में हमारा देश स्वतंत्र हुआ। उसी याद में हम स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। स्वतंत्रा के

www.apteachers.in

बाद भारत में नया संविधान का निर्माण हुआ। यह संविधान 26 जनवरी 1950 को देश में लागू किया गया। तब से भारत गणतंत्र राज्य घोषित किया गया। अत! हम इसी दिन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं ।

**विषय विस्तार :** यह राष्ट्रीय पर्व है। पूरे भारत देश में यह त्योहार धूमधाम से मनाते है। भारत की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति की राजकीय सवारी निकलती है। राजपथ से लेकर लालकिला तक उत्सव मनाते है। जल, थल और वायु सेना मार्च करती हुई लाल किले तक पहुँचती हैं। लाल किले पर राष्ट्रपति झंडा फहराते हैं। मुख्यतः विद्यालयों में झंडा फहराने का कार्यक्रम धूमधाम से होता है। भारत भर खुशी से यह त्योहार मनाते हैं।

**उपसंहार :** यह त्योहार हमें शहीदों की याद दिलाता है। महान राजनीतिज्ञ बाबू राजेन्द्रप्रसाद, डॉ. बी.आर. अंबेद्कर जैसे महान व्यक्तियों का स्मरण दिलाता है। कई महान नेताओं के बलिदान और परिश्रम का फल है हमारा गणतंत्र राष्ट्र भारतदेश । उनके दिखाये गये मार्ग पर चलना हम सबका कर्तव्य है।

## इ) पुस्तकालय

पुस्तकों का संग्रह ही पुस्तकालय है। लोग वहाँ जाकर अपनी इच्छा के अनुसार पुस्तकें पढ़ते हैं। वहाँ पौराणिक, राजनीतिक, सामाजिक, ऐतिहासिक आदि कई तरह के पुस्तकें होते हैं। दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक, अर्थ वार्षिक, वार्षिक आदि कई तरह के समाचारपत्र होते हैं। पुस्तकालय चार, प्रकर के होते हैं। 1) निजी पुस्तकालय 2) सार्वजनिक पुस्तकालय 3) स्कूल तथा कालेज के पुस्तकालय 4) चलता-फिरता पुस्तकालय

**1) निजी पुस्तकालय :** ये पुस्तकालय एक व्यक्ति से संबंधित होते हैं। इससे वह व्यक्ति ही लाभ उठाता है ।

**2) सार्वजनिक पुस्तकालय :** ये पुस्तकालय सब के लिए है। इनसे सब लोग लाभ उठाते हैं। ये पुस्तकालय हर नगर, शहर और गाँवों में होते हैं ।

**3) स्कूल तथा कालेज के पुस्तकालय :** ये पुस्तकालय स्कूल तथा कालेजों में होते हैं। इनसे छात्र और अध्यापक लाभ उठाते हैं ।

**4) चलता-फिरता पुस्तकालय :** ये संचार पुस्तकालय हैं। इनसे ग्रामवासी अधिक लाभ उठाते हैं।

**उपसंहार :** पुस्तकालय बडी उपयोगी संस्थाएँ हैं। ये देश की उन्नति के मूल स्तंभ हैं। इनसे हर शिक्षित व्यक्ति को लाभ मिलता है। पुस्तकें पढ़ने से हमारा ज्ञान बढ़ता है। हमें अच्छी शिक्षा मिलती है। हममें परोपकार की भावना पैदा होती है। हमारे देश के बड़े-बड़े नगरों में बड़े-बड़े पुस्तकालय हैं। सचमुच पुस्तकालय देवी का वरदान हैं ।

## ई) दूरदर्शन

आजकल के वैज्ञानिक और मनोरंजक साधनों में दूरदर्शन का स्थान महत्वपूर्ण है। इसे टेलीविजन कहते हैं। टेलीविजन ग्रीक भाषा का शब्द है। टेली का अर्थ दूर और विजन का अर्थ प्रतिबिंब है। इंग्लैंड के जे-यल बेयर्ड और जेकिंस नामक वैज्ञानिकों ने दूरदर्शन का आविष्कार किया। मानव को मनोरंजन देनेवाले साधनों में दूरदर्शन महत्वपूर्ण है। दूरदर्शन से कई लाभ हैं। हम घर बैठे संसार भर के विषय सुन और देख सकते हैं। अनेक विषयों की जानकारी इससे प्राप्त कर सकते है। व्यापार क्षेत्र में इसका योगदान महत्वपूर्ण है। इसमें देनेवाले विज्ञापनों के द्वारा आमदनी मिलती है। शैक्षिक कार्यक्रम हम इनके द्वारा देख सकते हैं। खेलकूद गीत-संगीत, नृत्य, धारावाहिक आदि कई विषय देख सकते हैं।

दूरदर्शन से कुछ हानियाँ भी हैं। अधिक समय देखने से बच्चों की पढ़ाई नष्ट होती है। उनकी आँखें खराब होती हैं। इसलिए हमें आवश्यक कार्यक्रम ही देखना है। सचमुच दूरदर्शन एक मशदूर मनोरंजक साधन है।

### भाग - V

V. 16. रत्न
17. झूलेंगे
18. 1977
19. के
20. जीविका
21. बेचता
22. तत्पुरुष समास
23. सूर्य + उदय
24. निर
25. ता
26. नींव का पत्थर
27. शिष्य गुरु की सेवा करती है ।
28. हम युद्ध भूमि में जा रहे हैं ।
29. हम लोग अपना मिशन चुपचाप पूरा करते हैं ।
30. हमें पढ़ना चाहिए ।

www.apteachers.in

# SSC EXAMINATIONS - 2025-2026

# MODEL PAPER - II

**Time : 3.15 Hrs.** **HINDI (Second Language) (09H)** **[ Max. Marks : 100**

**सूचना :**

1. **प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**
2. **सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखे।**
3. **प्रश्न पत्र में कुल पाँच भाग हैं।**
4. **भाग II, III और IV में आंतरिक विकल्प हैं ।**

## भाग - I

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। (आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा ।)**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में देश को एकता को सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता हुई। यह काम हिंदी से साध्य हो सका। आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना जरूरी है। जिनमें हिंदी और अंग्रजी का स्थान महत्वपूर्ण है। हिंदी से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते है ।

**प्रश्न :**

अ) हिंदी सीखने से हम क्या कर सकते हैं ? **2M**

आ) देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए किसकी आवश्यकता होती है ? ( ) **1M**
A) पानी B) भाषा
C) किताब D) रेल

इ) भारत की एकता किस भाषा से साध्य हुई?( )
A) तेलुगु B) तमिल **1M**
C) हिंदी D) मराठी

ई) हमें कि कितनी भाषाएँ सीखनी चाहिए?( ) **1M**
A) एक B) दो
C) तीन D) अधिक

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

पकड़ वारि की धार झूलता है मेरा मन,
आओ रे सब मुझे घेर कर गाओ सावन,
इंद्रधनुष के झूले में झूले में झूलें मिल सब जन,
फिर-फिर आये जीवन में सावन मन भावन ।।

**प्रश्न :**

अ) कवि क्या चाहते हैं ? **2M**

आ) कवि कौनसा गीत गाने के लिए पुकार रहे हैं ?
A) आश्वयुज B) माघ ( )**1M**
C) सावन D) बैसाख

इ) कवि किसके झूले में झूलने केलिए कह रहे है?
A) मेघ B) ईंद्रधनुष ( ) **1M**
C) लकडी D) सोना

ई) कवि का मन किसे पकड़ना चाहता है?( ) **1M**
A) वारि की धार B) पेड का डाल
C) रोटी का टुकडा D) कागज का टुकडा

**3. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

आखिरकार राजू ने इस स्थिति से निबटने के लिए बड़ी चतुराई से एक योजना बनायी। कक्षा के अध्यापकों द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर उसने हाथ उठाना ही बंद कर दिया। परिणामस्वरूप बहुत शीघ्र ही अध्यापकों और छात्रों ने उस पर ध्यान देना बंद कर दिया। राजू महीने के बाद उसकी वार्षिक परीक्षा होनेवाली है।

**प्रश्न :**

अ) अध्यापकों द्वारा प्रश्न पूछने पर राजू ने क्या बंद किया? **2M**

आ) राजूने अपनी योजना कैसे बाई ? ( )**1M**
A) चतुराई B) कपट C) छल D) प्रेम

इ) राजू पर किनका ध्यान बंद हो गया ?( ) **1M**
A) माता और पिता B) भाई और बहन
C) अध्यापक और छात्र D) दादा और दादी

ई) वार्षिक परीक्षाएँ कितने दिनों के बाद होनेवाली हैं? ( ) **1M**
A) एक सप्ताह B) एक महीना
C) दो दिन D) एक साल

**4. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्यों कि सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को उदात्त एवं महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदानप्रदान नही होता बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान प्रदान होता है।

www.apteachers.in

**प्रश्न :**

अ) बातचीत में किनका आदान-प्रदान होता है ? **2M**

आ) बातचीत में किनके चयन पर ध्यान देना है?

A) भाषा B) लिपि ( )**1M**

C) शब्द D) वाक्य

इ) सम्मानजनक शब्द व्यक्ति को कैसे बनाते हैं ? ( ) **1M**

A) धीरएवं वीर B) उदत्तएवनं महान

C) कायरएवं डरपोक D) चोर एवं डाकू

ई) बातचीत को सुगम बनाने के लिए किस भाषा का प्रयोग करना है ? ( ) **1M**

A) सरल B) कठिन C) प्रचलित D) मध्यम

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

सूरज की पहली किरण से, नया दिन आया,
सपनों की चादर को, सूरज ने हटाया ।
हर सुबह की तरह, उम्मीदें संग लाया,
हर एक सुबह में, नया सपना बुन आया ।

**प्रश्न :**

अ) नया दिन कैसे आता है ? **2M**

आ) हर सुबह क्या लाती है ? ( )**1M**

A) उम्मीदें B) आनंदत C) अशांति D) भय

इ) सूरज की पहली किरण किसे हटाती है ? ( ) **1M**

A) धूप B) चाँद

C) बादल D) सपनों की चादर

ई) हर एक सुबह में क्या आया ? ( ) **1M**

A) कष्ट B) भय

C) आनंद D) नया सपना

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 5M**

विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ। वे आदर्शप्रिय व्यक्ति थे। इन्हे प्रेमचंद परंपरा का आदर्शोन्मुख यदार्थवादी लेखक कहा जाता है। 'आवारा मसीहा' नामक रचना पर इन्हे सोवियत लैंड नेहरु पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने इन्हे पद्मभूषण से सम्मानित किया है ।

**रिक्त स्थान :**

अ) विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् ......... मे हुआ ।

आ) .......... आदर्शोन्मुख यदार्थवादी लेखक है।

इ) विष्णु प्रभाकर की रचना .......... है ।

ई) भारत सरकार ने विष्णु प्रभाकर को .......... से सम्मानित किया ।

उ) विष्णुप्रभाकर ................ परंपरा के लेखक थे ।

**7. संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए । 5M**

अ) रहीम

i) जन्म 1556 में ii) मृत्यु 1626 में

iii) रहीम सतसई

iv) संस्कृत, अरबी, फारसी के विद्वान

v) अकबर के मित्र, सेनापति, मंत्री

या

आ) सुमित्रनंदन पंत .......

i) जन्म 1900 में अल्मोड़ा में

ii) मृत्यु 1977 में

iii) प्रकृति के बेजोड़ कवि

iv) ज्ञानपीठ पुरस्कार

v) वीणा, ग्रंथि, पल्लव

## भाग - II

**II. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखए।**

**4 × 4 = 16M**

**8.** अ) कनककनक तैं ......... बौराई। (दोहे की पूर्ति कीजिए।)

(या)

आ) कवि मेहनत करनेवालों को सदा आगे रहने की बात क्यों कर रहे हैं ?

**9.** अ) हिंदी देश को जोड़नेवाली कडी है । इस पर अपने विचार लिखिए ।

(या)

आ) लोकगीत के बारे में आप कय जानते हैं ?

**10.** अ) महारानी लक्ष्मीबाई को किस बात की चिंता थी? वह स्वराज्य कैसे सिद्ध करना चाहती थी ?

(या)

आ) जल संरक्षण के बारे में आपके सुझाव लिखिए ।

**11.** अ) अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइये ?

(या)

आ) अकाल की समस्या के परिष्कार के लिए राजा ने क्या-क्या उपाय सोचे होंगे ?

www.apteachers.in

## भाग - III

**III. निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**12. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) कवि मेहनत करनेवालों को सदा आगे रखने की बात क्यों कर रहे हैं ?

(या)

आ) रैदासजी की भक्ति भावना के बारे में बताइये ?

**13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) ईदगाह कहानी के द्वारा हामिद के स्वभाव के बारे में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

(या)

आ) कलामजी के अनुसार अच्छे नागरिक बनने के लिए कौनसे गुण होने चाहिए ?

## भाग - IV

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**14. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) हरि गुंटूर में रहता है। उसे कुछ पुस्कतों की आवस्यकता है। तथ्य को आधार बना कर आवश्यक पुस्तकें माँगते हुए पुरस्तक विक्रेता के नाम पर पत्र लिखिए ।

(या)

आ) हिंदी सीखने की आवश्यकता बताते हुए अपने भाई के नाम पर पत्र लिखिए ।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए।** **1 × 10 = 10M**

अ) स्वच्छ भारत अभियान

आ) अपना मन पसंद त्योहार

इ) आदर्श विद्यार्थी

ई) कंप्यूटर

## भाग - V (भाषा की बात)

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **15 × 1 = 15M**

**16.** सावन के मेघ झम-झम बरसते हैं । (रेकांकित शब्द का तत्सम रुप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| श्रवण | श्रावण | सवन |

**17.** हम धरती को स्वर्ग बनायेंगे । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| बनायेंगे | धरती | स्वर्ग |

**18.** उन्नीस सौ आठ ..... (हिंदी अक्षरों के पढ़कर संख्यओंको विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| 1905 | 1908 | 1906 |

**19.** लोकगीतों ....... अपना महत्व है । (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचाकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| से | को | का |

**20.** उनको सही रास्ता दिखायेंगे । (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| राह | गीत | नाच |

**21.** हमें अपने स्वप्नों को साकार करना है । (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| आकार | प्रकार | निराकार |

**22.** वर्षा के समय पेड़-पौधे खुशी से झूम उठते है। (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| तत्पुरुष समास | द्वंद्व समास | द्विगुसमास |

**23.** अब्दुल कलाम एक निर्धन बालक हैं । (रेखांकित शब्द का संधि-विच्छेद विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| निर + धन | निः + धन | नीर + धन |

**24.** लक्ष्मीबाई ने स्वराज्य की नींव रखी थी । (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| स्व | राज्य | स्वरा |

**25.** श्रमिक प्रकृति के कण-कण का अधिकारी है । (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अधि | कारी | ई |

**26.** साँप को देख कर मेरा दिल बैठ गया । (वाक्य में प्रयुत्त मुहावरा शब्द पहचानिए।)

| | | |
|---|---|---|
| साँप | दिल बैठ जाना | देख कर |

**27.** सेना नायक आ रहा है । (वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| |
|---|
| सेना नायिक आ रही है । |
| सेना नायक आ रही है । |
| सेना नायक आ रहे हें । |

**28.** यह अंतर्राष्ट्रीय संस्था है । (वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| |
|---|
| ये अंतर्राष्ट्रीय संस्था है । |
| ये अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएँ हैं । |
| यह अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएँ हैं । |

**29.** वह बाजार जाता है। (वाक्य का भूतकाल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| वह बाजार गया । | वह बाजार गये । | वह बाजार गयी। |

**30.** मोर नाच रही है । (वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से परचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| मोर नाच रही हो । | मोर नाच रहा है । | मोर नाच रहे हो। |

www.apteachers.in

# ANSWERS

**भाग - I**

**1.** अ) हिंदी सीखने से हम सारे भारत की पहचान अच्छी तरह से कर सकते हैं ।

आ) भाषा (B)

इ) हिंदी (C)

ई) अधिक (D)

**2.** अ) कवि चाहते हैं कि - जीवन में बार-बार श्रावण मास आना है ।

आ) सावन (C)

इ) इन्द्रधनुष (B)

ई) वारि की धार (A)

**3.** अ) अध्याकों द्वारा प्रश्न पूछने पर राजू ने हाथ उठाना बंद कर दिया ।

आ) चतुराई (A)

इ) अध्यापर और छात्र (C)

ई) एक महीना (B)

**4.** अ) बातचीत में विचारों के व्यक्तित्व का आदान प्रदान होता है ।

आ) शब्द (C)

इ) उदात्त एवं महान (B)

ई) प्रचलित (C)

**5.** अ) सूरज की पहली किरण से नया दिन आता है ।

आ) उम्मीदें (A)

इ) सपनों की चादर (D)

ई) नया सपना (D)

**6.** अ) 1912

आ) विष्णु प्रभाकर

इ) आवाका मसीहा

ई) पद्मभूषण

उ) प्रेमचंद

**7.** अ) रहीम का पूरा नाम खानखाना अब्दुल रहीम है। उनका जन्म सन् 1556 में हुआ। मृत्यु 1626 में हुई। वे संस्कृत, फारसी, अरबी के विद्वान थे। वे अकबर के मित्र, प्रदान सेनापति और मंत्री थे। रहीम सतसई, बरवै नायिका भेद श्रृंगार सोरठा आदि उनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं। उनके दोहे नीतिपक और उपदेशात्मक होते हैं ।

आ) सुमित्रानंदन का जन्म् सन् 20 मई 1900 में अल्मोड़ा जिले के कौसानी गाँव में हुआ। उनकी मृत्यु 1977 में हुई । वे प्रकृति के बेजोड़ कवि हैं। ''चिदंबरा'' काव्य पर उनको ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला। वे छायावादी के प्रमुख कवि हैं। साहित्य लेखन के लिए इन्हे 'साहित्य अकादमी', सोवियत रुस पुरस्कार मिले। वीणा, ग्रंथि, पल्लव, गुंजन आदी इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं ।

**8.** अ) कनक-कनक तैं सौ गुनी, मादकता अधिकाइ ।
उहिखाए बौराइ जग, इहिं पाए बौराइ ।।

या

आ) मेहनत ही सफलता की कुंजी है । मानव समाज का भाग्य श्रम और भुजबल है । मेहनत और भुजबल के सामने भूमि और आकाश सिर झुकाते हैं । देश की समृद्धि और उत्पादकता का मूल कारण मेहनत कनेवाले हैं । वे ही समाज के अन्नदाता और सुखदाता हैं । इसलिए श्रम जल देनेवालों को पीछे नहीं रहना है । उन्हे सदा आगे रहना है ।

**9.** अ) भारत के अलग - अलग प्रांतों में अलग - अलग भाषाएँ बोली जाती हैं । सभी प्रांतों से जुड़ने के लिए एक भाषा की आवश्यकता है । यह काम हिंदी भाषा से ही हो सकती है। क्यों कि हिंदी जाननेवालों की संख्या भारत भर में अधिक है । यह भाषा सारे भारत को एकता के सूत्र में बाँधती है। इसलिए हिंदी जोड़नेवाली भाषा है । तोड़नेवाली नहीं है ।

या

आ) लोकगीत ग्रामीण जनता के मनोरंजक साधन है । क्यों कि भारतीय संस्कृति में लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान है । लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं । वे गाँव और नगर की जनता के गीत हैं । गाँव के लोग त्योहारों के समय, विवाह, जन्मदिन आदि सभी अवसरों पर गाते हैं और नाचते हैं । वे उनके दैनिक जीवन से संबंधित होते हैं ।

www.apteachers.in

**10.** अ) यह प्रश्न ''स्वराज्य की नींव'' नामक एकांकी से लिया गया है। इसके लेखक श्री विष्णु प्रभाकर हैं। लक्ष्मीबाई देश में स्वराज्य की नींव रखना चाहती थी। अपनी झाँसी की रक्षा करना चाहती थी। वह अंग्रजों से देश की रक्षा करना चाहती थी। उसने यह सिद्‌ध कर दिखाना चाहती थी कि - अबला हमेशा अबला नहीं रहती। आवश्यकता पड़ने पर सबला भी बन सकती। लेकिन यहाँ कुछ लोग विलासों में डूबे हुए हैं। सेना में अनुशासन नहीं है। तात्या, राव साहब जैसे लोग नाच-गान में डूबे हुए हैं। यही लक्ष्मीबाई की चिंता थी ।

या

आ) यह प्रश्न ''जल ही जीवन है'' कहानी से दिया गया है। लेखक श्री प्रकाश हैं। जल स्त्रोतों के रख-रखाव के बारे में मेरे ये सुझाव हैं -

1) विषपूरित चीजों को नदी-नालों में न बहाना है ।
2) नदी-नालों पर बाँध-बना कर जल को रोकना है ।
3) प्लास्टिक के उपयोग को रोकना है, पर्यावरण का संरक्षण करना है ।
4) जल को व्यर्थ नहीं करना है ।
5) वर्षा के पानी का संचय करना है ।

**11.** अ) यह प्रश्न ''दो कलाकार'' नामक उपवाचक पाठ से दिया गया है। अरुणा ममता की मूर्ति है । उसमें दया, सेवा, त्याग, ममत्व आदि भावनाएँ भरी हुई हैं । भिखारिन के मरने पर उसके बच्चों का लालन-पालन करती है और उसकी माँ बनती है। असहाय लोगों की सेवा करती है । यही अपना धर्म मानती है । सचमुच अरुणा ममत्वमयी नारी है ।

या

आ) यह प्रश्न ''अनोखा उपाय'' नामक उपवाचक पाठ से दिया गया है। राजा कुमारवर्मा ने अकाल की समस्या के निवारण के लिए ये उपाय सोचे होंगे -

1) राजभंडार का अनाज प्रजा में बाँटने को सोचे होंगे।
2) अकाल की समस्या के निवारण के लिए कई बुद्धिमानों की सलाह लेने सोचे होंगे ।
3) यदि कोई भूल हो तो सुधारने के लिए सोचे होंगे ।
4) किसी खुशहाल राज्य के राजा के राज्य शासन नियमों का पता लगाने सोचे होंगे ।

**12.** अ) **कण-कण का अधिकारी**

'कण-कण का अधिकारी' कविता के कवि डॉ. रामधारी सिंह दिनकर हैं । वे हिंदी के राष्ट्रकवि हैं । उनके 'उर्वशी' काव्य पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला । प्रस्तुत 'कण-कण का अधिकारी' कविता उनके 'कुरुक्षेत्र काव्य से लिया गया है । कुरुक्षेत्र युद्‌ध से विचलित धर्मराज को भीष्म पितामह ने इस प्रकार संदेश दिया। इसमें मेहनत की महानता का वर्णन किया गया है ।

''हे धर्मराज! एक व्यक्ति पाप करके धन कमाता है । इस कमाई को अपने भाग्य से और एक व्यक्ति भोगता है । यही भाग्यवाद का छल है । मानव समाज का भाग्य श्रम और भुजबल हैं । मेहनत और भुजबल के सामने भूमि और आकाश सिर झुकाते हैं। देश की समृदिध और उत्पादकता का मूल कारण मेहनत करनेवाले हैं । वे ही समाज के अन्नदाता और सुखदाता हैं । इसलिए श्रम जल देनेवालों को पीछे नहीं रखना है । उन्हें सदा आगे रखना है । अनुचित तरीके से धम अर्जित करना पाप है । वह सही नहीं है । श्रम करके कमानेवाला समाज की भलाई करता है । वह व्यक्ति सही होता है ।

प्रकृति में निक्षिप्त संपदा हर एक व्यक्ति का है। प्राकृतिक संपदा के हर एक कण पर उसे अधिकार है। इसलिए हर मनुष्य कण-कण का अधिकारी है । नर समाज भुजबल पर आधारित है । श्रम और भुजबल ही उसका भाग्य हैं । 'श्रमयेव जयते' की सूक्ति वह सच करता है । इसलिए मेहनत ही सफलता की कुंजी है ।

या

आ) **रैदास की भक्ति भावना**

रैदास ज्ञानमार्गी शाखा के प्रमुख कवि हैं । वे निर्गुण परब्रह्मा के उपासक हैं । प्रभु के प्रति रैदास की भक्ति दास्य भक्ति है । रैदास की चौपाई का भाव इस प्रकार है । वे भगवान को चंदन और अपने को पानी कहते हैं । चंदन और पानी के मिलन से अंग-अंग में खुश्बू फैलती है । वे भगवान को बादल और अपने को मोर कहते हैं । घने बादलों को देख कर मोर आनंद से नाचता है ।

www.apteachers.in

वे भगवान को चाँद और अपने को चकोर मानते हैं । वे भगवान को मोती और अपने को धागा मानते हैं । वे भगवान को स्वामी और अपने को दास मानते हैं । उनके अंग-अंग में भाक्ति भावना है। इस प्रकार उनके चौपाई पद रागात्मक शैली में है

**13.** अ) **ईदगाह सारांश**

'ईदगाह' कहानी के लेखक मुंशी प्रेमचंद हैं । प्रस्तुत कहानी 'ईदगाह' नैतिक मूल्यों से भरी हुई कहानी है। इस कहानी में दादी और पोते का मार्मिक प्रेम दिखाया गया । हामिद दुबला-पतला, भोला-भाला और चार पाँच साल का गरीब लडका है । उसके माता-पिता मर गये । यह बात उसे मालुम नहीं है । दादी - माँ उसका पालन - पोषण करती है । वह हामिद से कहती है - तेरी माँ अल्लाह मियाँ के घर से खिलौने लाने गई है। तेरे बाप रुपये कमाने गये हैं। हामिद ये बातें सच मान कर खुशी से रहने लगता है ।

वह ईद का दिन है । प्रकृति बहुत सुंदर है । हामिद अपने मित्रों के साथ ईदगाह जाने तैयार है । उसके पैरों में जूते नहीं हैं । सिर पर पुरानी टोपी है। लेकिन हामिद खुश है । दादी को धीरज देकर मित्रों के साथ शहर जाता है ।

बच्चे पहले ईदगाह जाकर नमाज करते हैं । उसके बाद खिलौने और मिठाइयाँ खरीदते हैं । हामिद के पास केवल तीन पैसे हैं । वह दूर खडा रहता है । उसके मित्र मोहसिन, महमूद, नूरे, सम्मी खिलौने और मिठाइयाँ खरीदते हैं । उसके बाद लोहे के दूकान पर जाते हैं, हामिद वहाँ चिमटा देखता है । वह सोचता है - दादी माँ तवे से रोटी उतारते समय हाथ जल जाते हैं । चिमटा ले जाकर दादी माँ को देता हूँ। इससे दादी माँ बहुत खुश होगी । उसकी उँगलियाँ नहीं जलेंगी । ऐसा सोचकर दूकानदार से तीन पैसों में चिमटा खरीदा ।

घर आकर दादी माँ को चिमटा देता है । अमीना अपना आँचल फैला कर हामिद को दुआएँ देती रही। इस कहानी से यही सीख मिलती है कि ''बुजुर्ग लोगों के प्रति आदर, श्रद्धा और स्नेह भावना से रहना है। उनकी दुआएँ सीधे अल्लाह के पास पहुँचती हैं । तब हम पर भगवान की अपार कृप बनी रहती है ।

या

आ) ''धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब एक संकलित पाठ है। ए.पी.जे. अबुल कलाम ने छात्रों से अपने विचार प्रकट किये। उन्होंने आदर्श छात्र और आदर्श नागरिक के लक्षण इस प्रकट किये। छात्र को कत्रा मे आगे बढ़ने के लिए खूब परिश्रम करना है। अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाना है। उसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और अनुभव प्राप्त करना है। बाधाओं से लडना है। उन पर विजय पाना है। निरंतर प्रयत्नशील रहना है। बढ़या काम करने आगे बढ़ना है। नैतिक मूल्यों को ग्रहण करना है। ईमानदारी से रहना है। छात्रों को हमेशा परिश्रमी बनना है। छुट्टी के दिनों में गरीब बच्चों को पढ़ाना है। छात्र को अधिक से अधिक पेड लगाना है। पर्यावरण को संतुलित बनाने में मदद करना। तभी वह आदर्श छात्र आदर्श नागरिक बनेगा। विकसित भारत के स्वप्न को और साकार करेगा।

''बाल मजदूरी और भ्रष्टाचार हमारे देश की बहुत बड़ी समस्याएँ हैं। इनके निर्मूलन करना। हर एक नागरिक का कर्तव्य है। जहाँ महिलाएँ साक्षर होती हैं वहाँ जन संख्या का नियंत्रण होता है। माता-पिता को शिक्षित होना है। तभी बालमजदूरी समस्या का परिष्कार होता है ।

भ्रष्टाचार के निर्मूलन में माता-पिता और प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सहायक सिद्‌ध होते हैं। माता-पिता को अपने संतान को अच्छे गुण सिखाना है। प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक को छात्रों को नैतिक मूल्य सिखाना है। तभी वह आगे बढ़ कर भ्रष्टाचार का निर्मूलन कर सकते हैं। तभी वे आदर्श छात्र आदर्श नागरिक बन सकते है। इस प्रकार ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये ।

www.apteachers.in

**14.** अ)

विनुकोंडा,
दि x x x x.

प्रेषक का पता :
वी. हरी,
डो.नं 22-4-1/12,
अरंडलपेट,
विनुकोंडा ।

सेवा में
मैनेजर,
रामा बुकडिपो,
बीसेंट रोड़,
विजयवाडा।

मान्य महोदय,

प्रणाम। मेरा नाम हरी है। मैं सरकारी पाठशाला, गुंटूर में दसवीं कक्षा पढ़ता हूँ। मुझे कुछ किताबों की आवश्यकता है। किताबों की सूची नीचे दे रहा हूं। कृपा करके उन किताबों को भेजिए। मैं रकम चुकाकर किताबें छुड़ालूँगा ।

| किताबों के नाम | प्रतियाँ |
|---|---|
| 1. हिंदी - सरलव्याकरण | 05 |
| 2. हिंदी - अंग्रेजी शब्दकोश | 05 |
| कुल | 10 |

धन्यवाद ।

आपका,
वी. हरी ।

(या)

आ) **आ)**

गुंटुर,
दि x x x x.

प्रिय भाई,

मैं कुशल हूँ । आशा है कि घर में सब कुशल होंगे । तुमने पिछले पत्र में हिंदी के बारे में पूछा। मेरी सलाह है कि - हिंदी हमें जरूर सीखना है। यह हमारी राष्ट्रभाषा और राजभाषा है। यह आसानी भाषा है। इसकी लिपि देवनागरी है। देश भर मे हिन्दी सीखनेवालों की संख्या अधिक है। हिंदी से रोजगारी मिलती है। इसलिए तुम जरुर हिंदी सीखो। माँ-बाप से मेरे प्रणाम कहना।

तुम्हारा प्रिय भाई,
x x x x.

पताः
वी. रामाराव,
डो.नं. 26 - 30/12,
रामानगर, विजयवाडा ।

**15. अ) स्वच्छ भारत अभियान**

**भूमिका :**

स्वच्छ भारत महात्मा गाँधी का सपना था । स्वच्छ भारत अभियान का आरंभ 2 अक्तूबर 1914 को हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को स्वच्छ रखना है ।

**अभियान का लक्ष्य :**

स्वच्छ भारत अभियान का लक्ष्य देश की स्वच्छता। स्वच्छता केवल घर की ही नहीं, आसपास विद्यालय और कार्यालयों में भी हो । इसका आरंभ हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी जी ने किया । गाँधीजी के सपने को पूरा करने उनके 150 जन्म दिवस के अवसर पर आरंभ किया । इसका मुख्य उद्देश्य भारत के गलियों, सडकों आदि को साफ - सुधरा रखना है । ग्रामीण क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को बेहतर बनाना मुख्य लक्ष्य है । यह लक्ष्य पाँच वर्षों में भारत को स्वच्छ भारत बनाना है । गाँव, शहर, खुले में, पार्क, मैदान आदि क्षेत्रों में, स्कूल और कालेजों में स्वच्छता का कार्यक्रम करना है ।

**उपसंहार :**

भारत के सभी नागरिकों को इसे अपना प्रथम कर्तव्य मानना है । हम सब को मिल कर बापू के स्वप्न को साकार करना है । इस अभियान में बच्चे, बूढे, जवान, औरतें सभी भाग लें । सब स्वच्छता की ओर आगे बढ़ें । अपना घर ही नहीं, घर के बाहर भी स्वच्छता की ओर ध्यान देना है । स्वच्छ व स्वस्थ भारत ही हमारा लक्ष्य होना है । इस अभियान का नारा है - एक कदम स्वच्छता की ओर ।

**आ) अपना मन पसंद त्योहार**

**दीपावली**

**प्रस्तावना :** दीपावली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार आश्वयुज मास की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। दीपावली का अर्थ दीपों का क्रम। दीव ज्ञान का चिह्न है। दीप जलाने से अंधकार रूपी अज्ञान दूर होता है।

www.apteachers.in

**महत्व :** दीपावली त्योहार मनाने के संबंध में अनेक कथाएँ प्रचलित हैं। भगवान श्रीरामचन्द्र ने रावण का संहार कर इस दिन अयोध्या आये थे। इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के साथ नरकासुर का वथ किया था। इस याद में लोग आनंद से दीपावली का त्योहार मनाते हैं ।

दीपावली के दिन लोग बडे सबेरे उठते हैं। अभ्यंगन स्नान करते हैं। नये कपड़े पहनते हैं। तरह-तरह के पकवान बना कर खाते हैं। शाम को स्त्रियाँ घर-द्वारा पर दीप जलाती हैं। यह खास कर बच्चों का त्योहार है। बच्चे इस दिन पटाखे छोड़ते हैं। आनंद से रहते है। व्यापारी इस दिन नये हिसाब के किताबें रखते हैं।

दीपावली स्वच्छता का त्योहार है। वर्षा से उत्पन्न कीडे-मकोडे, मच्छर-मक्खी आदि कीटाणु इस प्रकाश में मर जाते हैं। अमावस्या की रात इस प्रकाश में पूर्णिमा जैसी लगती है। बच्चों को सावधानी से पटाखे छोड़ना है। तभी यह त्योहार आनंददायक बनती है। दीपों का यह पावन पर्व हमें कर्म और ज्ञान का संदेश देता है ।

### इ) आदर्श विद्यार्थी

**प्रस्तावना:** मानव जीवन में विद्यार्थी जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्यों कि आज के बालक कल के नागरिक हैं। आजके आदर्श विद्यार्थी ही कल के आदर्श नागरि बन सकता है। आदर्श नागरिक से ही देश की उन्नति हो सकती है। आदर्श विद्यार्थी के लक्षण इस प्रकार होते हैं ।

1. **विद्या प्रेमी :** आदर्श विद्यार्थी विद्या प्रेमी होता है। वह पुस्तकों का अध्ययन करता है ज्ञान ग्रहण करता है। हर दिन पाठशाला आता है और खूब पढ़ता है।
2. **परिश्रमी :** आदर्श विद्यार्थी परिश्रमी होता है। अपने काम में आलसी नहीं बनता है। हर काम तुरंत पूरा करता है। समय का पालन करता है ।
3. **अनुशासन प्रिय :** आदर्श विद्यार्थी अनुशासन प्रिय होता है। अध्यापकों की अशाओं का पालन करता है। विनयी से रहता है। माता पिता की बातें माानता है।
4. **खेलकूद में भाग :** आदर्श विद्यार्थी पढ़ायी के साथ-साथ खेलकूद में भी भाग लेता है। वह मानता है शरीर स्वस्थ रहता है तो मन भी स्वस्थ होता है। इसलिए पढ़ाई में खेल को भी एक अंग मानता है ।
5. **कर्तव्यपरायणता :** आदर्श विद्यार्थी कर्तव्य परायण होता है। महान पुरुषों के जीवन को अदर्श मानता है ।

**उपसंहार :** आदर्श विद्यार्थी में ये सभी लक्षण होते हैं। वे आगे चल कर देश की उन्नति में अपने हाथ बाँटते हैं ।

### ई) कम्पयूटर

**कम्प्यूटर**

कम्प्यूटर को मानव का मस्तिष्क कहते है। आजकल के वैज्ञानिक साधनों में कम्प्यूटर का विशेष महत्व है। यह एक मशीन है। इससे मानव की बौद्धिक शक्ति की बचत होती है। आज हर एक क्षेत्र में इसकी उपयोगिता अधिक है ।

कम्प्यूटर को हिंदी में संगणक कहते हैं। गणना, गुणना आदि यह आसानी से कर सकता है। कम समय में अधिक काम करती है। विद्यालयों में इसकी शिक्षा दे रहे हैं। इससे बौद्धिक शक्ति का विकास होता है। साफ्टवेर और हार्डवेर शिक्षण लेकर युवक और युवतियाँ उपाधि पा रहे हैं। इसमें लोगो प्रिंटिंग, कमांड्स आदि होते हैं। इसमे स्थित कमांड्स दबाने से आवश्यक समाचार पा सकते हैं।

कम्प्यूटर सभी क्षेत्रों में उपयोगी साधन है। लेकिन इसका उपयोग अनुचित कार्यक्रमों में करने से समाज का नाश होगा। कम्प्यूटर की प्रगति दिन-ब-दिन बढ़ रही है। भविष्य में यह मानव जीवन का अविभाज्य अंग बनेगा। इससे देश की उन्नति होगी ।

## भाग - V

**V.** 16. श्रावण
17. बनाएंगे
18. 1908
19. का
20. राह
21. निराकार
22. द्वंद्व समास
23. निः + धन
24. स्व
25. ई
26. दिन बैठ जाना
27. सेना नायिका आ रही है ।
28. ये अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएँ हैं ।
29. वह बाजार गया ।
30. मोर नाच रहा है ।



www.apteachers.in

SSC EXAMINATIONS - 2025-2026

# MODEL PAPER - III

**Time : 3.15 Hrs.** **HINDI (Second Language) (09H)** **[ Max. Marks : 100**

**सूचना :**

1. **प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**
2. **सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखे।**
3. **प्रश्न पत्र में कुल पाँच भाग हैं।**
4. **भाग II, III और IV में आंतरिक विकल्प हैं ।**

**भाग - I**

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। (आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा ।)**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

माता गोदावरी! राम-लक्ष्मण और सीता से लेकर बूढ़े जटायू तक सबको तूने ही स्तन्य पान कराया है। तेरे तट पर शूरवीर भी पैदा हुए हैं और बड़े-बड़े तत्व ज्ञानी भी, साधु-संत भी जन्मे धुरंधर राजनीतिज्ञ भी और ईश्वर-भक्त भी। चारों वर्णों की तू माता है। मेरे पूर्वजों की तू अधिष्ठात्री देवी है ।

**प्रश्न :**

अ) गोदावरी नदी किनकी अधिष्ठात्री देवी है ? **2M**

आ) किसके तट पर शूरवीर पैदा हुए ? ( ) **1M**
A) गंगा B) नर्मदा C) गोदावरी D) कावेरी

इ) गोदावरी किनकी माता है ? ( ) **1M**
A) चारवर्ण B) दो वर्ण
C) तीन वर्ण D) पाँच वर्ण

ई) गोदावरी ने किनको स्तन्य पान कराया? ( ) **1M**
A) राम-लक्ष्मण B) सीता
C) जटायु D) ये सभी

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

जो कुछ न्यस्त प्रकृति मे है,
वह मनुज मात्र का घन है,
धर्मराज। उसके कण-कण का
अधिकारी जन-जन है ।

**प्रश्न :**

अ) धर्मराज को किसने उपदेश दिया ? **2M**

आ) संपदा कहाँ निक्षिप्त है ? ( ) **1M**
A) पहाड पर B) प्रकृतिमें
C) नदी में D) सागर में

इ) कण-कण का अधिकारी कौन है ? ( ) **1M**
A) मन-मन B) धन-धन
C) जन-जन D) वन-वन

ई) मनुज मात्र का धन क्या है ? ( ) **1M**
A) प्राकृतिक संपदा B) परिवारिक संपदा
C) व्यवसायिक संपदा D) पूर्वजों की संपदा

**3. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

मंडेला के नाम से विश्वभर में प्रख्यात शांतिदूत का पूरा नाम नेल्सन रोलिह्लह्ला मंडेला था। उनका जन्म 18 जुलाई 1918 को दक्षिण आफ्रीका में हुआ। वे दक्षिण आफ्रिका के प्रथम अश्वेत राष्ट्रपति थे। राष्ट्रपति बनने से पूर्व वे दक्षिण आफ्रिका में सदियों से चल रहे रंगभेद का विरोध करनेवाले आफ्रिकी नेशनल कांग्रेस और इसके सशस्त्र गुट ''उमखेतों वे सिजवे'' के अध्यक्ष रहे।

**प्रश्न :**

अ) नेल्सन मंडेला किस गुट के अध्यक्ष रहे ? **2M**

आ) नेल्सन रोलिह्लह्ल किस नाम से प्रख्यात हुए? ( ) **1M**
A) हिट्लट B) मंडेला C) नेपोलियन D) क्लिंटन

इ) नेल्सन मंडेला का जन्म कहाँ हुआ ? ( ) **1M**
A) अमेरिका B) जापान
C) दक्षिण आफ्रिका D) जर्मनी

ई) दक्षिण आफ्रिका में कौनसा अंदोलन चल रहा है? ( ) **1M**
A) नमक सत्याग्रह B) बारडोली
C) बेरोजगारी D) रंगभेद

**4. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

हमारे देश में महापुरुषों की जयंतियाँ मनाने की परंपरा है । महापुरुषों के जीवन से हमें शिक्षा मिलती है। हम उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलते है । महापुरुषों के जन्मदिन को हम पर्व के रुप में मनाते है। ''श्रीराम नवमी'' श्रीराम का जन्मदिन है।

**प्रश्न :**

अ) महापुरुषों के जीवन से हम क्या सीखते हैं ? **2M**

आ) महापुरुषों की जयंतियाँ किस देश में मनाते है? ( ) **1M**
A) भारत B) जापान
C) चीन D) रूस

www.apteachers.in

इ) श्रीराम का जन्मदिन किस नाम से पुकारते है? ( ) **1M**

A) बुद्ध पूर्णिमा B) नानक जयंती

C) श्रीराम नवमी D) होली

ई) महापुरुषों के जन्मदिन को हम किस रूप में मनाते हैं ? ( ) **1M**

A) जयंती B) जन्मदिन C) पूर्णिमा D) पर्व

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

देव! तुम्हारे कई उपासक, कई ढंग से आते हैं,
सेवा में बहुमूल्य भेंट वे, कई रंग के लाते है।
धूम-धाम से, साज-बाज से, वे मंदिर में आते हैं ।
मुक्तामणि बहुमूल्य वस्तुएँ, लाकर तुम्हे चढ़ाते हैं ।

**प्रश्न :**

अ) भक्त लोग भगवान को क्या चढ़ाते हैं ? **2M**

आ) मंदिर में भक्त लोग कैसे आते हैं ? ( )**1M**

A) कई ढ़ंग B) निराशा से

C) भय से D) बाधा से

इ) भक्त लोग भगवान की सेवा में क्या लाते हैं?

A) नफरत B) क्रोध ( ) **1M**

C) भेंट D) अशांति

ई) कौन धूमधाम से मंदिर में आते हैं ? ( ) **1M**

A) उपासक B) हेतुवादी C) नास्तिक D) चोर

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 5M**

काका कालेलकर का पूरा नाम दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर है। उनका जन्म सन् 1885 में और मृत्यु सन् 1991 में हुआ। इन्होंने आजीवन गाँधीवादी विचारधारा का पालन किया। इन्होंने हिंदुस्तानी प्रचार सभा, वार्धा के माध्यम से हिंदी की खूब सेवा की। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं ।

**प्रश्न :**

अ) काका कालेलकर का पूरा नाम ........... है।

आ) .......... ने आजीवन गाँधीवादी विचार धारा का पालन किया ।

इ) काका कालेलकर का जन्म .......... में हुआ ।

ई) काका कालेलकर .......... के सदस्य हैं ।

उ) काका कालेलकर ने ......... की खूब सेवा की ।

**7. संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए । 5M**

अ) बिहारी

i) जन्म 1595 में ii) मृत्यु 1663 में

iii) सतसई iv) दोहे नीतिपरक

v) गागर में सागर भरना

आ) आर.पी. निशंक

i) रमेश पोखरियाल निशंक ii) देशभक्ति

iii) आधुनिक साहित्यकार iv) मातृभूमि के लिए

v) समर्फण, नवेकुर, मुझे विधाता बनना है

## भाग - II

**II. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।**

**$4 \times 4 = 16$M**

**8.** अ) कहि रहीम संपति ........... साँचे मीत । (दोही की पूर्ति कीजिए।)

(या)

आ) अनुचित तरीके से धन अर्जित करनेवाला सही है या श्रम करनेवाला ? अपने विचार बताइये ?

**9.** अ) आल्हा लोकगीत के बारे में आप क्या जानते हैं ?

(या)

आ) सांस्कृतिक दृष्टि से हिंदी का क्या महत्व है ?

**10.** अ) लेखक न गोदावरी को माता की संज्ञा क्यों दी होगी ?

(या)

आ) कलाम के विचार में ‘‘आदर्श छात्र के गुण क्या हैं?

**11.** अ) चित्रा ने विदेश जाकर क्या किया ? तेरे विचार में उसका विदेश जाना सही है या नहीं ?

(या)

आ) राजा कुमारवर्मा की जगह यदि तुम होते तो क्या करोंगे ?

## भाग - III

**III. निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**12. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।**

**$1 \times 8 = 8$M**

अ) बरसते बादल कविता में पंतजी के द्‌वारा प्रकृति का वर्णन किस प्रकार किया गया है? अपने शब्दों में लिखिए ।

www.apteachers.in

(या)

आ) मीरा की भक्ति भावना कैसी थी ? अपने शब्दों में लिखिए ।

**13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) ईदगाह कहानी के द्वारा हामिद के स्वभाव के बारे में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।

(या)

आ) जल की समस्या समस्त प्राणियों की समस्या है ..... "जल ही जीवन है" पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

## भाग - IV

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**14. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) सरला को बुखार हुआ। डॉक्टर ने आराम लेने को कहा। तथ्य को आधार बनाकर प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए ।

(या)

आ) अपनी पाठशाला में मनाया गया वार्णिकोत्सव के बारे में वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखिए ।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए।** **1 × 10 = 10M**

अ) पर्यावरण और प्रदूषण

आ) अपनामन पसंद त्योहार

इ) आदर्श विद्यार्थी

ई) दूरदर्शन

## भाग - V (भाषा की बात)

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **15 × 1 = 15M**

**16.** मैं ने <u>सपने</u> भगवान को देखा । (रेकांकित शब्द का तत्सम रुप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| स्वप्न | स्वप्नी | सपना |

**17.** श्रमजीवी श्रम करता है । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| श्रम | श्रमजीवी | करता |

**18.** चौदह सौ बयासी - (हिंदी अक्षरों के पढ़कर संख्यओंको विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| 1482 | 1483 | 1484 |

**19.** लोकगीत ग्रामीण जनता ........ मनोरंजक साधन है। (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| के | को | की |

**20.** हमारे जीवन मे <u>जल</u> का बडा महत्व है । (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| पेड | पानी | पवन |

**21.** हिंदी भाषा सीखने से नये-नये <u>रोजगार</u> मिलते। (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| बेरोजगार | उपाधि | जीविका |

**22.** <u>श्रमजल</u> देनेवालों को पीछे नहीं रखना है । (रेखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| द्वंद्व समास | द्विगुसमास | तत्पुरुष समास |

**23.** <u>पर्यावरण</u> की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है ।(रेखांकित शब्द का संधि-विच्छेद विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| परा + आवरण | परि + आवरण | परे+ आवरण |

**24.** हम <u>सकुशल</u> अपने गाँव पहुँचे । (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| सकु | शल | स |

**25.** हमें <u>नैतिक</u> गुणों का विकास करना है । (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| नै | तिक | इक |

**26.** अंतरिक्ष यात्री वहाँ से ओझल हो गये । (वाक्य में प्रयुत्त मुहावरा शब्द पहचानिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अंतुरक्ष यात्री | ओझल हो जाना | वहाँ से |

**27.** महारानी आपकी जय हो ।(वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| |
|---|
| महाराजा आपका जय हो । |
| महाराजा आपका जय है । |
| महाराजा आपकी जय हे । |

**28.** मजदूर मेहनत करता है ।(वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| |
|---|
| मजदूर मेहनत करती है । |
| मजदूर मेहनत करते है । |
| मजदूर मेहनत करते हो । |

**29.** पटरी पर गाडी चलती है । (वाक्य का भविष्यत्काल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| |
|---|
| पटरी पर गाडी चली। |
| पटरी पर गाडी चल रही है । |
| पटरी पर गाडी चलेगी । |

**30.** यह तो कोई यान हो । (वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से परचानकर लिखिए ।)

| |
|---|
| यह तो कोई यान है । |
| यह तो कोई यान हूँ । |
| यह तो कोई यान ही । |

www.apteachers.in

# ANSWERS

**भाग - I**

**1.** अ) गोदावरी नदी पूर्वजों की अधिष्ठात्री देवी हैं ।।
आ) गोदावरी (C)
इ) चारवर्ण (A)
ई) ये सभी (D)

**2.** अ) धर्मराज को भीष्म पितामह ने उपदेश दिया ।
आ) प्रकृति में (B)
इ) जन-जन (C)
ई) प्राकृतिक संपदा (A)

**3.** अ) नेल्सन मंडेला ''उमखेतों वे सिजवे'' गुट के अध्यक्ष रहे ।
आ) मंडेला (B)
इ) दक्षिण आफ्रिका (C)
ई) रंगभेद (D)

**4.** अ) महापुरुषों के जीवन से हमें शिक्षा मिलती है और हम उनके मार्ग पर चलते हैं ।
आ) भारत (A)
इ) श्रीराम नवमी (C)
ई) पर्व (D)

**5.** अ) भक्त लोग भगवान को मुक्तामणि बहुमूल्य वस्तुएँ लाकर चढ़ाते हैं ।
आ) कई ढंग (A)
इ) भेंट (C)
ई) उपासक (A)

**6.** अ) दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर
आ) काका कालेलकर
इ) 1885
ई) राज्यसभा
उ) हिंदी

**7.** अ) बिहारी का जन्म 1595 में हुआ। मृत्यु 1663 में हुई। वे हिंदी के प्राचीन कवि हैं। वे राजा जयसिंह के राजकवि है। बिहारी सतसई उनकी प्रसिद्ध रचना है। उनके दोहे नीतिपरक होते है। उनके दोहे गागर में 'सागर' भर देते है।

आ) आर.पी.निशंक का पूरा नाम रमेशपोखलियाल निशंक है। उनकी रचनाएँ देशभक्ति से संबंधित होते हैं। आधुनिक साहित्यकारों में उनका प्रमुख स्थान है। ''भारतवासी'' कविता इनकी ''मातृभूमि के लिए'' संग्रह से ली गई है। 'समर्पाण', 'नवंकुर',मुझे विधाता बनना हैं, 'जीवन पथ में', 'तुम भी मेरे साथ चलो' आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं।

**8.** अ) कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बडरीत ।
बिपति कसौटी जे करे, तेई साँचे मीत ।।

या

आ) अनुचित तरीके से धन अर्जित करना पाप है । वह सही नहीं है । इससे दूसरों को हानि होती है । श्रम करके कमाना ही सही है । श्रमिक से ही लोक कल्याण होता है। इसलिए श्रम करनेवाला ही सही होता है । अनुचित तरीके से कमानेवाला सही नहीं होता है ।

**9.** अ) आल्हा लोकगीत अधिकतर बुंदेलखंडी मे गाये जाते हैं। माना जाता है कि चंदेल के राजकवि जगनिक ने इन गीतों को लिया । उन्होंने आल्टा-उदल की वीरता का अपने महाकाव्य में वर्णन किया। ये गीत दूसरे देहाती कवियों द्वारा जनबोली में आये। ये गीत हमारे गाँवों में आज भी बहुत प्रेम से गाये जाते है। इन गीतों को ढ़ोलक की मदद से गाते हैं। इन गीतों को नट रस्सियों पर खेल करते हुए गाते हैं। ये गद्य और पद्य रूपों मे गाये जाते हैं ।

या

आ) हिंदी एक ऐसी भाषा है जो भारतीयों की साँसों में बसी है। यह भाषा सबकी संस्कृति, सभ्यता व गरिमा का प्रतीक है। भारतीय संकृति में अनेक संस्कृतियों का मिलन हुआ है। हिंदी के द्वारा हम भारतीय संस्कृति में समाहित अन्य संस्कृतियों को पहचान सकते हैं । हिंदी साहित्य भारतीय संस्कृति से संबंधित है, इस प्रकार सांस्कृतिक दृष्टि से हिंदी का बड़ा महत्व है ।

**10.** अ) यह प्रश्न ''दक्षिणी गंगा गोदावरी'' नामक यात्रा वृत्तांत पाठ से दिया गया है। इसके लेखक काका कालेलकर हैं। गोदावरी पूर्वजों की अधिष्ठात्री देवी है। गोदावरी नदी के जल में अमोघ शक्ति है। इसके तट पर शूर-वीर, तत्व-ज्ञानी, साधु-संत, राजनीतिज्ञ और ईश्वर भक्त पैदा हुए। राम-लक्ष्मण और सीता से लेकर बूढे जटायु तक गोदावरी का स्तन्य पान करायी है। इसके पानी की एक बूँद भी व्यर्थ नहीं होती। इसलिए लेखक ने गोदावरी नदी को धीर-गंभीर माता की संज्ञा दी गयी होगी ।

www.apteachers.in

या

आ) कलाम जी के विचार में आदर्श छात्र के ये गुण इस प्रकार हैं-

1) आदर्श छात्र को ईमानदारी से रहना है ।
2) वह निरंतर परिश्रमी होना है ।
3) उसके जीवन में एक लक्ष्य होना है ।
4) नैतिक मूल्यों को ग्रहण करके उनका पालन करना है।

**11.** अ) चित्रा ने विदेश जाकर लगन से चित्र खींचा । उसने भिखारिन का चित्र खींचा । उस चित्र को विदेश में प्रथम पुरस्कार मिला। मेरे विचार में उसका विदेश जाना सही नहीं था । क्यों कि उसने चित्र बींच कर नाम कमाया । लेकिन अरुणा ने उस भिखारिन के बच्चों को गोद में लिया। चित्रा ने केवल अपने बारे में ही सोचा ।

या

आ) यह प्रश्न ''अनोखा उपाय'' नामक एकांकी पाठ से दिया गया है ।राजा कुमारवर्मा की जगह यदि मैं होता तो ये काम करता हूँ -

1.नदियों और नालों पर बाँध बना कर पानी को रोकता हूँ।

2.घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देता हूँ ।

3.अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करता हूँ ।

**12.** अ) **बरसते बादल**

''बरसते बादल'' कविता के कवि श्री सुमित्रानंदन पंत है । वे छायावाद के प्रमुख कवि हैं । प्रस्तुत कविता ''बरसते बादल'' में वर्षा ऋतु की प्राकृतिक संदरता का वर्णन किया गया है । कवि कहते हैं कि - श्रावण मास के बादल झम-झम बरसते हैं । वर्षा की बूँदें पेड़ों से छलकती हुई छम-छम गिरती हैं । बादलों के घोर अंधकार के बीच बिजली चमकती है और दिन भी रात जैसा लगता है । इस समय हमारा मन सपने देखने लगता है ।

बरसात में मेंढक ट्र-ट्र करते हैं । झिल्ली झन-झन बजती हैं । मोर म्यव-म्यव करते हैं । चातक के गण पीऊ-पीऊ करते हैं । वे आसमान में उडते हैं । आसमान में बादल उमड-घुमड कर गरजते हैं । उनका आकार भयभीत होता है । रिमझिम - रिमझिम बूँदें बरसते हैं । वे मन के अंदर छू लेती हैं । इससे हमारा रोम सिहर उठता है । वर्षा से धरती पर जल धाराएँ बहती हैं । मिट्टी के कण कण में कोमल अंकुर आकार पुलकित होते हैं ।

कवि कहते हैं कि वर्षा के समय जल की धाराएँ पकड कर मेरा मन लहराता है । आप सब मुझे घेर कर सावन की खुशी में गीत गाने आइये । इंद्र धनुष के झूले में हम सब मिल कर झूलेंगे । मन को आनंदित करनेवाला यह सावन मेघ हमारे जीवन में फिर-फिर आना है । इस प्रकार कवि ने इस कविता में वर्षा ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य का सुंदर और सजीव वर्णन किया।

या

आ) मीराबाई सगुणोपासक कवयित्री है । ये भक्ति मार्गी शाखा की कवयित्री हैं । ये भगवान श्रीकृष्ण की भक्तिन है । कृष्ण के प्रति उनकी भक्ति माधुर्य भाव की है । उनकी भक्ति में समर्पण की भावना है । उनका जन्म सन् 1498 में हुआ । मृत्यु सन् 1573 में हुई। उनकी प्रसिद्ध रचना 'मीराबाई पदावली' हैं ।

मीराबाई की भक्ति भावना इस प्रकार हैं । वे कहती हैं - कि मुझे राम नाम रूपी रत्न की पूँजी मिली । मुझे यह पूँजी सद्‌गुरू की कृपा से मिली । यह पूँजी ऐसी है इसे खर्च करने पर भी खर्च नहीं होती । चोर भी नहीं चुरा सकते हैं । मेरा नाव सत्य की है । मेरा भगवान श्रीकृष्ण है । वे गिरिधर नागर हैं । मैं आनंद से उनका यशोगान करती हूँ । इस प्रकार मीराबाई ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन होकर कई पद लिखे ।

**13.** अ) **ईदगाह सारांश**

'ईदगाह' कहानी के लेखक मुंशी प्रेमचंद हैं । प्रस्तुत कहानी 'ईदगाह' नैतिक मूल्यों से भरी हुई कहानी है। इस कहानी में दादी और पोते का मार्मिक प्रेम दिखाया गया । हामिद दुबला-पतला, भोला-भाला और चार पाँच साल का गरीब लडका है । उसके माता-पिता मर गये । यह बात उसे मालुम नहीं है । दादी - माँ उसका पालन - पोषण करती है । वह हामिद से कहती है - तेरी माँ अल्लाह मियाँ के घर से खिलौने लाने गई है। तेरे बाप रुपये कमाने गये हैं। हामिद ये बातें सच मान कर खुशी से रहने लगता है ।

www.apteachers.in

वह ईद का दिन है । प्रकृति बहुत सुंदर है । हामिद अपने मित्रों के साथ ईदगाह जाने तैयार है । उसके पैरों में जूते नहीं हैं । सिर पर पुरानी टोपी है। लेकिन हामिद खुश है । दादी को धीरज देकर मित्रों के साथ शहर जाता है ।

बच्चे पहले ईदगाह जाकर नमाज करते हैं । उसके बाद खिलौने और मिठाइयाँ खरीदते हैं । हामिद के पास केवल तीन पैसे हैं । वह दूर खडा रहता है । उसके मित्र मोहसिन, महमूद, नूरे, सम्मी खिलौने और मिठाइयाँ खरीदते हैं । उसके बाद लोहे के दूकान पर जाते हैं, हामिद वहाँ चिमटा देखता है । वह सोचता है - दादी माँ तवे से रोटी उतारते समय हाथ जल जाते हैं । चिमटा ले जाकर दादी माँ को देता हूँ। इससे दादी माँ बहुत खुश होगी । उसकी उँगलियाँ नहीं जलेंगी । ऐसा सोचकर दूकानदार से तीन पैसों में चिमटा खरीदा ।

घर आकर दादी माँ को चिमटा देता है । अमीना अपना आँचल फैला कर हामिद को दुआएँ देती रही। इस कहानी से यही सीख मिलती है कि ''बुजुर्ग लोगों के प्रति आदर, श्रद्धा और स्नेह भावना से रहना है। उनकी दुआएँ सीधे अल्लाह के पास पहुँचती हैं । तब हम पर भगवान की अपार कृप बनी रहती है ।

या

आ) **जल ही जीवन है सारांश**'

''जल ही जीवन है'' कहानी के लेखक श्री प्रकाश हैं। वे हिंदी के जाने माने लेखक हैं । इनके निबंध विचारोत्तेजक हैं । प्रस्तुत रचना ''संचार माध्यमों के लिए विज्ञान'' नामक पुस्तक से ली गयी हैं ।

इक्कीसवीं सदी का अंत होनेवाला था । बाईसवीं सदी की शुरूआत । पृथ्वी पर मानव ने काफी प्रगति कर ली थी । लोग सुखी से रहने लगे । अचानक एक दिन समाचार पत्र में खबर आई । इसके अनुसार एक सर्वेक्षण में बताया गया कि "पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है ।"

प्रो. दीपेश को एक दिन एक तारा आकाश से धरती पर आता हुआ दिखाई दिया । दूसरे दिन प्रो. विकास के साथ फिर उसीको देखा । वह एक अंतरिक्ष यान है। उसमें से एक ग्रहांतरवासी उतरकर वैज्ञानिकों से मिलने आया । उसने कहा कि मैं आपके नील ग्रह के निकट और एक प्रकाश वर्ष दूर के ग्रह से आये थे । हमारे ग्रह का जल विषाणुओं से जहरीला हो गया था । महामारी पैली थी । लोग मरने लगे । इसलिए उनको बचाने के लिए निकट पृथ्वी ग्रह से जल ले जाने के लिए यहाँ आये थे । हमारी प्रार्थना है कि पृथ्वीवासी, आप अपने जलाशयों को साफ और सुरक्षित रखिए । तब आपको भी हमारी तरह जलचोर न बनना पडे ।'' इससे मालुम होता है कि - जल ही जीवनाधार है । इसलिए जल का संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है ।

**14.** अ) विजयाड़ा,

दि x x x x.

प्रेषक का पता :

वी. सरला,<br>
दसवीं कक्षा,<br>
सरकारी पाठशाला,<br>
विजयवाड़ा ।

सेवा में

श्री प्रधानाध्यापक,<br>
सरकारी पाठशाला,<br>
विजयवाडा।

पूज्य अध्यापकजी,

प्रणाम। मेरा नाम वी - सरला है । मैं दसवीं कक्षा पढ़ती हूँ । मेरी क्रमसंख्या - है । मुझे रात से बुखार हुआ। डॉक्टर ने जाँच करके आराम लेने को कहा। इसलिए कृपा करके आप मुझे पाँच दिन की छुट्टी दीजिए। ...... से ........ तक ।

धन्यवाद ।

आपकी विनम्र छात्रा,<br>
वी. सरला,<br>
दसवीं कक्षा,<br>
क्र.सं : .......

www.apteachers.in

(या)

**आ)** गुंटुर,

दि x x x x.

प्रिय मित्र,

मैं कुशल हूँ । आशा है कि तुम भी वहाँ कुशल होगे । मैं अच्छी तरह पढ रहा हूँ । कल हमारी पाठशाला का वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया। पाठशाला रंग - बिरंगे कागजों से सजाया गया ! कई प्रकार की प्रतियोगिताएँ हुई । शाम को सभा आरंभ हुई । नगर निगम के प्रधान सभा के अध्यक्ष रहे । प्रधानाध्यापकजी ने वार्षिक निवेदन पढकर सुनाया । कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए । राष्ट्रीय गान के साथ सभा समाप्त हुई । तेरे माता-पिता से मेरे प्रणाम कहना । तुम भी अपने स्कूल के वार्षिकोत्सव के बारे में लिखो ।

तुम्हारी प्रिय मित्र,

x x x x.

पताः

के. रवि

2 - 4 - 5/2,

रामनगर,

विजयवाडा ।

**15. अ) पर्यावरण और प्रदूषण**

**1. प्रस्तावन :**

पर्यावरण का अर्थ वातावरण है । पर्यावरण प्रणिकोटि का रक्षा कवच है । प्राणियों का जीवन पर्यावरण पर आधारित है । पर्यावरण में संतुलन होना है । इससे प्रणिकोटि स्वस्थ रहती है । लेकिन आजकल पर्यावरण बिगड रहा है । इससे प्रदूषण फैल रहे हैं । ये प्रदूषण चार प्रकार के हैं ।

1. भूमि प्रदूषण 2. जल प्रदूषण

3. वायु प्रदूषण 4. ध्वनि प्रदूषण

**2. विषय प्रवेश :**

**1. भूमि प्रदूषण :** भूमि पर रहनेवालों को प्राणवायु की आवश्यकता है । यह प्राणवायु हरे-भरे पोडों से मिलती है । इनको काटने से भूमि प्रदूषित हो रही है। प्लास्टिक का विनियोग भी इस प्रदूषण को बढ़ा रहा है ।

**2. जल प्रदूषण :** कारखानों के कूडे - कचरे नदी-नालों में डालने से जल प्रदूषण बढ़ रहा है ।

**3. वायु प्रदूषण :** हमारे चारों ओर के कल कारखानों से धुआँ उगल रहा है । इससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है ।

**4. ध्वनि प्रदूषण :** बसें, यानें, रेल, मोटर आदि वाहनों और कार-खानों के शोर से ध्वनि प्रदूषण बढ़ रहा है।

**निवारण :** प्रदूषण को रोकना हमारा कर्तव्य है । इसके लिए हमें ये काम करना है ।

1. पेड-पौधों को न काटें ।
2. कूडे-कचरे नदी या नालों में न बहायें ।
3. वाहनों का धुआँ कम करें ।
4. आसपास के वातावरण को शुद्ध रखें ।
5. पेड-पौधे लगाएँ ।
6. भूमि, हवा और जल को शुद्ध रखें ।
7. प्लास्टिक का विनियोग छोड दें ।

**उपसंहार :** पर्यावरण हमारा रक्षा कवच है। इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है । नहीं तो धरती पर प्राणिकोटी का जीना असंभव है।

**आ) अपना मन पसंद त्योहार**

**दीपावली**

**प्रस्तावना :** दीपावली हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार आश्वयुज मास की अमावस्या के दिन मनाया जाता है। दीपावली का अर्थ दीपों का क्रम। दीव ज्ञान का चिह्न है। दीप जलाने से अंधकार रूपी अज्ञान दूर होता है।

www.apteachers.in

**महत्व :** दीपावली त्योहार मनाने के संबंध में अनेक कथाएँ प्रचलित हैं। भगवान श्रीरामचन्द्र ने रावण का संहार कर इस दिन अयोध्या आये थे। इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के साथ नरकासुर का वध किया था। इस याद में लोग आनंद से दीपावली का त्योहार मनाते हैं ।

दीपावली के दिन लोग बडे सबेरे उठते हैं। अभ्यंगन स्नान करते हैं। नये कपड़े पहनते हैं। तरह-तरह के पकवान बना कर खाते हैं। शाम को स्त्रियाँ घर-द्वारा पर दीप जलाती हैं। यह खास कर बच्चों का त्योहार है। बच्चे इस दिन पटाखे छोड़ते हैं। आनंद से रहते है। व्यापारी इस दिन नये हिसाब के किताबें रखते हैं।

दीपावली स्वच्छता का त्योहार है। वर्षा से उत्पन्न कीडे-मकोडे, मच्छर-मक्खी आदि कीटाणु इस प्रकाश में मर जाते हैं। अमावस्या की रात इस प्रकाश में पूर्णिमा जैसी लगती है। बच्चों को सावधानी से पटाखे छोड़ना है। तभी यह त्योहार आनंददायक बनती है। दीपों का यह पावन पर्व हमें कर्म और ज्ञान का संदेश देता है ।

## इ) आदर्श विद्यार्थी

**प्रस्तावनाः** मानव जीवन में विद्यार्थी जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्यों कि आज के बालक कल के नागरिक हैं। आजके आदर्श विद्यार्थी ही कल के आदर्श नागरि बन सकता है। आदर्श नागरिक से ही देश की उन्नति हो सकती है। आदर्श विद्यार्थी के लक्षण इस प्रकार होते हैं ।

1. **विद्या प्रेमी** : आदर्श विद्यार्थी विद्या प्रेमी होता है। वह पुस्तकों का अध्ययन करता है ज्ञान ग्रहण करता है। हर दिन पाठशाला आता है और सब पढ़ता है।
2. **परिश्रमी** : आदर्श विद्यार्थी परिश्रमी होता है। अपने काम में आलसी नहीं बनता है। हर काम तुरंत पूरा करता है। समय का पालन करता है ।
3. **अनुशासन प्रिय** : आदर्श विद्यार्थी अनुशासन प्रिय होता है। अध्यापकों की अशाओं का पालन करता है। विनयी से रहता है। माता पिता की बातें मानता है।
4. **खेलकूद में भाग** : आदर्श विद्यार्थी पढ़ायी के साथ-साथ खेलकूद में भी भाग लेता है। वह मानता है शरीर स्वस्थ रहता है तो मन भी स्वस्थ होता है। इसलिए पढ़ाई में खेल को भी एक अंग मानता है ।
5. **कर्तव्यपरायणता** : आदर्श विद्यार्थी कर्तव्य परायण होता है। महान पुरुषों के जीवन को अदर्श मानता है।

**उपसंहार** : आदर्श विद्यार्थी में ये सभी लक्षण होते हैं। वे आगेचल कर देश की उन्नति में अपने हाथ बाँटते हैं ।

## ई) दूरदर्शन

कम्प्यूटर को मानव का मस्तिष्क कहते है। आजकल के वैज्ञानिक साधनों में कम्प्यूटर का विशेष महत्व है। यह एक मशीन है। इससे मानव की बौद्धिक शक्ति की बचत होती है। आज हर एक क्षेत्र में इसकी उपयोगिता अधिक है ।

कम्प्यूटर को हिंदी में संगणक कहते हैं। गणना, गुणना आदि यह आसानी से कर सकता है। कम समय में अधिक काम करती है। विद्यालयों में इसकी शिक्षा दे रहे हैं। इससे बौद्धिक शक्ति का विकास होता है। साफ्टवेर और हार्डवेर शिक्षण लेकर युवक और युवतियाँ उपाधि पा रहे हैं। इसमें लोगो प्रिंटिंग, कमांड्स आदि होते हैं। इसमे स्थित कमांड्स दबाने से आवश्यक समाचार पा सकते हैं।

कम्प्यूटर सभी क्षेत्रों में उपयोगी साधन है। लेकिन इसका उपयोग अनुचित कार्यक्रमों में करने से समाज का नाश होगा। कम्प्यूटर की प्रगति दिन-ब-दिन बढ़ रही है। भविष्य में यह मानव जीवन का अविभाज्य अंग बनेगा। इससे देश की उन्नति होगी ।

## भाग - V

**V.** 16. स्वप्न
17. करता
18. 1482
19. के
20. पानी
21. बेरोजगार
22. तत्पुरुष समास
23. परि + आवरण
24. स
25. इक
26. ओझल हो जाना
27. महाराजा आपका जय हो ।
28. मजदूर मेहनत करते हैं ।
29. पटरी पर गाडी चलेगी ।
30. यह तो कोई यान है ।

www.apteachers.in

(09H)

# SSC EXAMINATIONS - 2025-2026
# MODEL PAPER - IV

**Time : 3.15 Hrs.** **HINDI (Second Language) (09H)** **[ Max. Marks : 100**

**सूचना :**

1. **प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।**
2. **सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखे।**
3. **प्रश्न पत्र में कुल पाँच भाग हैं।**
4. **भाग II, III और IV में आंतरिक विकल्प हैं ।**

**भाग - I**

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक के अनुच्छेद के पहले प्रश्न (अ) का उत्तर एक वाक्य में लिखना होगा। (आ, इ, ई के प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से पहचानकर लिखना होगा ।)**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

लडके सबसे ज्यादा प्रसन्न है। बार-बार जेब से खनाना निकालकर गिनते है। महमूद गिनता है, एक-दो दस-बारह। उसके पास बारह पैसे हैं। मोहसिन के पास पदह पैसे है। इनसे अनगिनत चीज़ें लाएँगे-खिलौने, मिठाइयाँ, बिगुल, गेंद और न जाने क्या-क्या और सबसे ज्यादा प्रसन्न है हामिदा वह भोली सूरत का चार-पाँच साल का दुबला-पतला लड़का था ।

**प्रश्न :**

अ) हामिद कैसा लड़का था ? **2M**

आ) कौन खजाना गिनते हैं ? ( ) **1M**
A) लड़कियाँ B) आदमी C) औरतें D) लडके

इ) महमूद के पास कितने पैसे हैं ? ( ) **1M**
A) बारह B) ग्यारह
C) दस D) नौ

ई) पन्द्रह पैसे किसके पास हैं ? ( ) **1M**
A) महमूद B) मोहसिन
C) हामिदु D) बाषा

**2. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल मे प्यार बसायेंगे,
नफरत का हम तोड कुहासा, अमृतरस सरसायेंगे ।
हम निराशा दूर भगाकर फिर विश्वास जगायेंगे ।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे ।।

**प्रश्न :**

अ) ऊँच-नीच का भेद मिटाने के लिए हम क्या कर सकते हैं? **2M**

आ) दुनिया को कौन पावन धाम बनाना चाहते है ?
A) अमेरिकावासी B) चीनवाले ( ) **1M**
C) भारतवासी D) जापानवाले

इ) भारतवासी किसे दूर करके विश्वास जगायेंगे?
A) आशा B) निराशा ( ) **1M**
C) अविश्वास D) विश्वास

ई) भारतवासी किस कुहासा को तोड़ना चाहते है? ( ) **1M**
A) प्रेम B) सत्य
C) नफरत D) धर्म

**3. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

परिणाम निकलने के पहले दिन राजू लौट आया और अगले दिन पूरे आत्मविश्वास से अपने पिता के साथ परीक्षा-फल देखने गया। एकबार फिर वह कक्षा में प्रथम आया था। उसके पिताजी खुश थे लेकिन राजू के हर्ष की तो सीमा ही नहीं थी। प्रथम आने पर वह इतना प्रसन्न कभी नही हुआ था, क्यों कि अब उसने अपने स्कूल को सुंदर और समुचित उपहार समर्पित किया है।

**प्रश्न :**

अ) राजू ने अपने पुराने स्कूल को क्या दिया ? **2M**

आ) परीक्षा फल देखने राजू किसके साथ गया ? ( ) **1M**
A) भाई B) पिता C) दादा D) नाना

इ) राजू किस श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ ? ( ) **1M**
A) द्वितीय B) तृतीय
C) प्रथम D) चौथा

ई) परीक्षा फल देख कर किसे खुशी हुई ?( ) **1M**
A) राजू B) रवि
C) राम D) राकेश

**4. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

शरीर में चरित्र ही मुख्य वस्तु है। वचन से उपदेश और क्रियादिक से कैसा भी धर्मनिष्ठ क्यों न हो, पर यदि उसके चरित्र शुद्ध न हो तो लोगों में वह टकसाल न समझा जायेगा। महात्मा और दुरात्मा में इतना ही भेद है कि उनके मन, वचन और कर्म एक रहते हैं, इनके भिन्न-भिन्न ।

www.apteachers.in

**प्रश्न :**

अ) महात्मा और दुरात्मा में भेद क्या है ? **2M**

आ) हमारा चरित्र कैसा होना है ?

A) अपवित्र B) छल ( )**1M**

C) कपट D) शुद्ध

इ) शरीर में मुख्य वस्तु क्या है ? ( ) **1M**

A) चरित्र B) हाथ C) पैर D) सिर

ई) हमारे वचन और उपदेश कैसे होना है ?( ) **1M**

A) अधर्म B) धर्मनिष्ठ C) असत्य D) अपवित्र

**5. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर निर्देश के अनुसार लिखिए । 5M**

सूरज की किरणें आती है,
सारी कलियाँ खिल जाती हैं,
अंधकार सब खो जाता है,
सब जग सुंदर हो जाता है ।

**प्रश्न :**

अ) अंधकार कब दूर होता है ? **2M**

आ) सूरज की किरणें आने पर क्या खिल जाती हैं?

A) फल B) चीजें

C) कलियाँ D) पौधे

इ) सूरज की किरणें आने पर सब जग कैसे दिखता है? ( ) **1M**

A) कुरुप B) काल

C) सफेद D) सुंदर

ई) किरणें किसकी हैं ? ( ) **1M**

A) चंद्रमा B) नक्षत्र

C) भूमि D) सूरज

**6. निम्न लिखित लेखक परिचय पढ़कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 5M**

विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् 1912 में हुआ। वे आदर्शप्रिय व्यक्ति थे। इन्हे प्रेमचंद परंपरा का आदर्शोन्मुख यदार्थवादी लेखक कहा जाता है। 'आवारा मसीहा' नामक रचना पर इन्हे सोवियत लैंड नेहरु पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार ने इन्हे पद्मभूषण से सम्मानित किया है ।

**रिक्त स्थान :**

अ) विष्णु प्रभाकर का जन्म सन् .......... मे हुआ ।

आ) ........... आदर्शोन्मुख यदार्थवादी लेखक है।

इ) विष्णु प्रभाकर की रचना ........... है ।

ई) भारत सरकार ने विष्णु प्रभाकर को ........... से सम्मानित किया ।

उ) विष्णुप्रभाकर ................. परंपरा के लेखक थे ।

**7. संकेतों के आधार पर किसी एक कवि के बारे में पाँच वाक्य लिखिए । 5M**

अ) रहीम

i) जन्म 1556 में ii) मृत्यु 1626 में

iii) रहीम सतसई

iv) संस्कृत, अरबी, फारसी के विद्वान

v) अकबर के मित्र, सेनापति, मंत्री

या

आ) सुमित्रनंदन पंत ........

i) जन्म 1900 में अल्मोड़ा में

ii) मृत्यु 1977 में

iii) प्रकृति के बेजोड़ कवि

iv) ज्ञानपीठ पुरस्कार

v) वीणा, ग्रंथि, पल्लव

**भाग - II**

**II. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।**

**$4 \times 4 = 16$M**

**8.** अ) नर की अरु ............ ऊँचौ होइ। (दोहे की पूर्ति कीजिए।)

(या)

आ) निराशावादी और आशावादी के स्वभाव में अंतर होता है ?

**9.** अ) अपनी दादी के प्रति हामिद की भावनाएँ कैसी थी? अपने शब्दों में लिखिए ।

(या)

आ) हिंदी देश को जोडनेवाली भाषा है। तोडनेवाली नहीं ? अपने विचार प्रकट कीजिए ?

**10.** अ) एकांकी के आधार पर बताइये कि स्वराज्य की नींव का क्या तात्पर्य है ?

(या)

आ) जब संरक्षण के बारे में आपके सुझाव लिखिए ?

**11** अ) अरुणा और चित्रा दोनों के स्वभाव के बारे में अपने विचार बताइये ?

(या)

आ) अकाल की समस्या के परिष्कार के लिए राजा ने क्या-क्या उपाय सोचे होंगे ?

www.apteachers.in

## भाग - III

**III. निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**12. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) वर्षा सभी प्राणियों के लिए जीवन का आधार है। कैसे ?

(या)

आ) मीराबाई के पदों में माधुर्य गुण प्रमुख है ? मीरा के पद के आधार पर पद का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

**13. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ वाक्यों में लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) मनोरंजन की दुनिया में लोकगीतों का महत्वपूर्ण स्थान है। 'लोकगीत' पाठ के आधार पर अपने विचार लिखिए ।

(या)

आ) ए.पी.जे अब्दुल कलाम के विचार में आदर्श नगरिक के लक्षण स्पष्ट कीजिए ।

## भाग - IV

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**14. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** **1 × 8 = 8M**

अ) सीतादेवी विजयवाडा में रहती है। उसकी बहन की शादी हैदराबाद में होनेवाली है। तथ्य को आधार बनाकर प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

(या)

आ) किताबें खरीदने के लिए पैसे माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पर पत्र लिखिए ।

**15. किसी एक निबंध का उत्तर दस वाक्यों में लिखिए।** **1 × 10 = 10M**

अ) वृक्ष हमारे साथी आ) राष्ट्रीय त्योहार जनवरी 26

इ) पुस्तकालय ई) दूरदर्शन

## भाग - V (भाषा की बात)

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** **15 × 1 = 15M**

**16.** हम पर भगवान की कृपा बनी रहेगी । (रेकांकित शब्द का तद्भव रुप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| | | |
|---|---|---|
| क्रिपा | किरपा | करपा |

**17.** हम दुनिया को पावनधाम बनाएंगे । (वाक्य में क्रिया शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| हम | पावन | बनाएंगे |

**18.** पन्द्रह सौ छप्पन (हिंदी अक्षरों के पढ़कर संख्यओंको विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| 1556 | 1557 | 158 |

**19.** बरसात .......... दिन थे । (सही कारक चिह्न विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| का | के | की |

**20.** लोकगीत ग्रामीण जनता का मनोरंजक साधन है । (रेखांकित शब्द का सही पर्याय शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| लोग | बालक | बालिका |

**21.** हिंदी भाषा भारत देश को एकता के सूत्र में बाँधती (रेखांकित शब्द का विलोम शब्द विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| प्रत्येकता | अनेकता | सामाजिकता |

**22.** गोदावरी के तट पर साधु-संत भी पैदा हुए । (रेंखांकित शब्द का समास विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| तत्पुरुष समास | द्विगुसमास | द्वंद्व समास |

**23.** हम दुनिया को पावन धाम बनाएँगे । (रेखांकित शब्द का संधि-विच्छेद विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| पौ + अन | पो + अन | पे + अन |

**24.** अनुचित तरीके से धन अर्जित करना पाप है । (रेखांकित शब्द का उपसर्ग विकल्पों में से पहचान कर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अनु | चित | अन |

**25.** हम सब भारतीय हैं । (रेखांकित शब्द का प्रत्यय विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| | | |
|---|---|---|
| भार | ईय | तीय |

**26.** आमीना का मन गद्गद् हो गया । (वाक्य में प्रयुत्त मुहावरा शब्द पहचानिए।)

| | | |
|---|---|---|
| अमीना | मन | गद्गद् होना |

**27.** लड़के सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं । (वाक्य का लिंग परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| |
|---|
| लड़की सबसे ज्यादा प्रसन्न है । |
| लड़का सबसे ज्यादा प्रसन्न है । |
| लड़कियाँ सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं । |

**28.** स्त्री ढ़ोलक की मदद से गाती है । (वाक्य का वचन परिवर्तित रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए।)

| |
|---|
| स्त्रियाँ ढ़ोलक की मदद से गाती हैं । |
| स्त्रियाँ ढ़ोलक की मदद से गाते हैं । |
| स्त्रियाँ ढ़ोलक की मदद से गाता है । |

**29.** हामिद चिमटा खरीदेगा। (वाक्य का वर्तमानकाल रूप विकल्पों में से पहचानकर लिखिए ।)

| |
|---|
| हमिद ने चिमटा खरीदा |
| हामिद चिमटा खरीदी |
| हामिट चिमटा खरीदता है । |

**30.** मैं मेरा काम करता हूँ । (वाक्य का शुद्ध रूप विकल्पों में से परचानकर लिखिए ।)

| |
|---|
| मैं अपना काम करता हूँ । |
| मैं आपका काम करता हूँ । |
| मैं तेरा काम करता हूँ । |

www.apteachers.in

# ANSWERS

**भाग - I**

**1.** अ) हामिद चार-पाँच साल का दुबला-पतला और भोला लड़का था ।
आ) लड़के (D)
इ) बारह (A)
ई) मोहसिन (B)

**2.** अ) ऊँच-नीच का भेद मिटाने के लिए हम सबके दिल में प्यार बसाएंगे ।
आ) भारवासी (C)
इ) निराशा (B)
ई) नफरत (C)

**3.** अ) राजू कक्षा में प्रथम आकर अपने पुराने स्कूल को उपहार दिया ।
आ) पिता (B)
इ) प्रथम (C)
ई) राजू (A)

**4.** अ) महात्मा के मन, वचन और कर्म एक रहते हैं और दुरात्म के मन, वचन और कर्म भिन्न-भिन्न होते हैं ।
आ) शुद्ध (D)
इ) चरित्र (A)
ई) धर्मनिष्ठ (B)

**5.** अ) सूरज की किरणें आने पर अंधकार दूर हो जाता है।
आ) कलियाँ (C)
इ) सुंदर (D)
ई) सूरज (D)

**6.** अ) 1912
आ) विष्णु प्रबाकर
इ) आवाका मसीहा
ई) पद्मभूषण
उ) प्रेमचंद

**7.** अ) रहीम का पूरा नाम खानखाना अब्दुल रहीम है। उनका जन्म सन् 1556 में हुआ। मृत्यु 1626 में हुई। वे संस्कृत, फारसी, अरबी के विद्वान थे। वे अकबर के मित्र, प्रदान सेनापति और मंत्री थे। रहीम सतसई, बरवै नायिका भेद श्रृंगार सोरठा आदि उनकी प्रसिद्ध रचनाएँ हैं। उनके दोहे नीतिपक और उपदेशात्मक होते हैं ।

आ) सुमित्रानंदन का जन्म् सन् 20 मई 1900 में अल्मोड़ा जिले के कौसानी गाँव में हुआ। उनकी मृत्यु 1977 में हुई । वे प्रकृति के बेजोड़ कवि हैं। ''चिदंबरा'' काव्य पर उनको ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला। वे छायावादी के प्रमुख कवि हैं। साहित्य लेखन के लिए इन्हे 'साहित्य अकादमी', सोवियत रुस पुरस्कार मिले। वीणा, ग्रंथि, पल्लव, गुंजन आदी इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं ।

**8.** अ) नर की अरु नल नीरकी गति एकै कर जोइ ।
जेतौ नीचौ हवै चलै, तेतौ ऊँचौ होइ ।।

या

आ) यह प्रश्न ''भारतवासी'' नामक कविता पाठ से दिया गया है। इसके कवि श्री आर.पी. निशंक हैं । निराशावादी अनुकूल स्थिति को भी प्रतिकूल दृष्टि से देखता है । वह समस्याओं को देख कर डरता है । उसमें नकारात्मक दृष्टिकोण है । आशावादी प्रतिकूल स्थिति को भी अनुकूल दृष्टि से देखता है । वह समस्याओं को धैर्य से सामना करता है । उसमें सकारात्मक दृष्टिकोण है । यही उन दोनों में अंतर है ।

**9.** अ) दादी के प्रति हामिद के मन में बहुत प्यार है । उसको दादी के सिवा और कोई नहीं है । दादी ही उसका सर्वस्व है । दादी माँ के पास चिमटा नहीं है । वह तवे से रोटी उतारते समय हाथ जल जाते हैं । चिमटा ले जाकर दादी माँ को देता तो उसकी उँगलियाँ नहीं जलेंगी । ऐसा सोच कर हामिद तीन पैसों में चिमटा खरीदता है और दादी माँ को देता है ।

या

आ) भारत के अलग - अलग प्रांतों में अलग - अलग भाषाएँ बोली जाती हैं । सभी प्रांतों से जुड़ने के लिए एक भाषा की आवश्यकता है । यह काम हिंदी भाषा से ही हो सकती है। क्यों कि हिंदी जाननेवालों की संख्या भारत भर में अधिक है । यह भाषा सारे भारत को एकता के सूत्र में बाँधती है। इसलिए हिंदी जोड़नेवाली भाषा है । तेड़नेवाली नहीं है ।

**10.** अ) यह प्रश्न ''स्वराज्य की नींव'' एकांकी पाठ से दिया गया है। इसके लेखक विष्णु प्रभाकर हैं ।''स्वराज्य की नींव'' का तात्पर्य यह है कि - स्वराज्य की स्थापना के लिए भूमि तैयार करना । मातृभूमि को स्वतंत्र रखने के लिए प्रयास करना । विदेशों से अपने राज्य की रक्षा के लिए तैयार होना । यदि स्वतंत्रता न मिलता तो देश के लिए बलि होना । आगे पीढियों के लिए प्रेरणादायक बनना। स्वराज्य के नींव का पत्थर बनना ।

या

आ) यह प्रश्न ''जल ही जीवन है'' कहानी से दिया गया है। लेखक श्री प्रकाश हैं। जल स्त्रोतों के रख-रखाव के बारे में मेरे ये सुझाव हैं -

www.apteachers.in

1) विषपूरित चीजों को नदी-नालों में न बहाना है ।
2) नदी-नालों पर बाँध-बना कर जल को रोकना है ।
3) प्लास्टिक के उपयोग को रोकना है, पर्यावरण का संरक्षण करना है ।
4) जल को व्यर्थ नहीं करना है ।
5) वर्षा के पानी को संचय करना है ।

**11.** अ) यह प्रश्न 'दो कलाकार'' नामक उपवाचक पाठ से दिया गया है । अरूणा और चित्रा दोनों सहेलियाँ हैं । दोनों हॉस्टल में रहती हैं । अरुणा समाज सेविका है । अनाथों की सहायता करती है । पीड़ितों की सेवा में अपने को धन्य मानती है। चित्रा एक महिला चित्रकारिणी है । वह चित्र कला को अपना सर्वस्व मानती है ।

या

आ) यह प्रश्न ''अनोखा उपाय'' नामक उपवाचक पाठ से दिया गया है। राजा कुमारवर्मा ने अकाल की समस्या के निवारण के लिए ये उपाय सोचे होंगे -
1) राजभंडार का अनाज प्रजा में बाँटने को सोचे होंगे।
2) अकाल की समस्या के निवारण के लिए कई बुद्धिमानों की सलाह लेने सोचे होंगे ।
3) यदि कोई भूल हो तो सुधारने के लिए सोचे होंगे ।
4) किसी खुशहाल राज्य के राजा के राज्य शासन नियमों का पता लगाने सोचे होंगे ।

**12.** अ) **बरसते बादल**

''बरसते बादल'' कविता के कवि श्री सुमित्रानंदन पंत है । वे छायावाद के प्रमुख कवि हैं । प्रस्तुत कविता ''बरसते बादल'' में वर्षा ऋतु की प्राकृतिक संदरता का वर्णन किया गया है । कवि कहते हैं कि - श्रावण मास के बादल झम-झम बरसते हैं । वर्षा की बूँदें पेड़ों से छलकती हुई छम-छम गिरती हैं । बादलों के घोर अंधकार के बीच बिजली चमकती है और दिन भी रात जैसा लगता है । इस समय हमारा मन सपने देखने लगता है ।

बरसात में मेंढक ट्र-ट्र करते हैं । झिल्ली झन-झन बजती हैं । मोर म्यव-म्यव करते हैं । चातक के गण पीऊ-पीऊ करते हैं । वे आसमान में उडते हैं । आसमान में बादल उमड-घुमड कर गरजते हैं । उनका आकार भयभीत होता है । रिमझिम - रिमझिम बूँदें बरसते हैं । वे मन के अंदर छू लेती हैं । इससे हमारा रोम सिहर उठता है । वर्षा से धरती पर जल धाराएँ बहती हैं । मिट्टी के कण कण में कोमल अंकुर आकार पुलकित होते हैं ।

कवि कहते हैं कि वर्षा के समय जल की धाराएँ पकड कर मेरा मन लहराता है । आप सब मुझे घेर कर सावन की खुशी में गीत गाने आइये । इंद्र धनुष के झूले में हम सब मिल कर झूलेंगे । मन को आनंदित करनेवाला यह सावन मेघ हमारे जीवन में फिर-फिर आना है । इस प्रकार कवि ने इस कविता में वर्षा ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य का सुंदर और सजीव वर्णन किया।

या

आ) मीराबाई सगुणोपासक कवयित्री है । ये भक्ति मार्गी शाखा की कवयित्री हैं । ये भगवान श्रीकृष्ण की भक्तिन है । कृष्ण के प्रति उनकी भक्ति माधुर्य भाव की है । उनकी भक्ति में समर्पण की भावना है । उनका जन्म सन् 1498 में हुआ । मृत्यु सन् 1573 में हुई। उनकी प्रसिद्ध रचना 'मीराबाई पदावली' हैं ।

मीराबाई की भक्ति भावना इस प्रकार हैं । वे कहती हैं - कि मुझे राम नाम रूपी रत्न की पूँजी मिली । मुझे यह पूँजी सद्गुरू की कृपा से मिली । यह पूँजी ऐसी है इसे खर्च करने पर भी खर्च नहीं होती । चोर भी नहीं चुरा सकते हैं । मेरा नाव सत्य की है । मेरा भगवान श्रीकृष्ण है । वे गिरिधर नागर हैं । मैं आनंद से उनका यशोगान करती हूँ । इस प्रकार मीराबाई ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन होकर कई पद लिखे ।

**13.** अ) **लोकगीत**

लोकगीत निबंध के लेखक भगवत शरण उपाध्याय है। वे हिंदी के प्रसिद्ध रचनाकार है। इन्होंने कहानी, कविता, रिपोर्ताज, निबंध, बाल साहित्य आदि लिखे हैं । प्रस्तुत निबंध में भारतीय लोकगीतों का वर्णन सुंदर ढंग से किया गया है । लोकगीत लचीला, ताजा, मार्मिक और लोकप्रिय होते हैं । वे सीधे जनता के संगीत है । लोकगीत और संगीत दोनों जनता के हृदयस्पर्शी गीत हैं। संगीत की भाषा साहित्यक होती है । लोकगीत की भाषा जनभाषा और बोली होती है । गानेवाले ग्रामीण हैं । ये गीत ग्रामीणों के दैनिक कार्यक्रमों से संबंधित होते हैं । शादी, त्योहार, जन्म, मनोरंजन आदि के अवसर पर स्त्री-पुरुष मिल कर गाते हैं ।

वास्तविक लोकगीत गाँवों में होते हैं । इनमें बडी जान होती है। बारहमासा बारह पद्यों से युक्त सांप्रदायिक गीतमालिका है । इसमें विरह वेदना का वर्णन होता हैं। ये बिहार के लोकगीत है । पहाडियों के अपने - अपने लोकगीत हैं । उनका रुप भिन्न हैं। गढवाला, किन्नौर आदि के अपने-अपने गीत हैं । उनका अलग नाम ही पहाडी है । विदेसिया भोजपुरी का लोकगीत है । गानेवाले समूहों में गाते हुए फिरते हैं । इन गीतों में विरह वेदना और करुण रस बरसता है ।

भारत देश में स्त्रियों के लोकगीत हैं। स्त्रियाँ ही लिखती और गाती हैं । इनका संबंध स्त्रियों से है । उदाहरण के लिए गुजरात में गरबा और व्रज में रसिया। लोकगीत आह्लाद और आनंद के प्रवाह हैं । ये ग्रामीण जनता के मनोरंजक साधन हैं । ये स्वेच्छा जीवन के प्रतीक हैं ।

या

www.apteachers.in

आ) ''धरती के सवाल - अंतरिक्ष के जवाब एक संकलित पाठ है। ए.पी.जे. अबुल कलाम ने छात्रों से अपने विचार प्रकट किये। उन्होंने आदर्श छात्र और आदर्श नागरिक के लक्षण इस प्रकट किये। छात्र को कत्रा मे आगे बढ़ने के लिए खूब परिश्रम करना है। अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाना है। उसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और अनुभव प्राप्त करना है। बाधाओं से लडना है। उन पर विजय पाना है। निरंतर प्रयत्नशील रहना है। बढ़या काम करने आगे बढ़ना है। नैतिक मूल्यों को ग्रहण करना है। ईमानदारी से रहना है। छात्रों को हमेशा परिश्रमी बनना है। छुट्टी के दिनों गरीब बच्चों को पढ़ाना है। छात्र अधिक से अधिक पेड लगाना है। पर्यावरण को संतुलित बनाने में मदद करना। तथी वह आदर्श छात्र आदर्श नागरिक बनेगा। विकसित भारत के स्वप्न को साकार करेगा।

''बाल मजदूरी और भ्रष्टाचार हमारे देश की बहुत बड़ी समस्याएँ हैं। इनके निर्मूलन करना। हर एक नागरिक का कर्तव्य है। जहाँ महिलाएँ साक्षर होती हैं वहाँ जन संख्या का नियंत्रण होता है। माता-पिता को शिक्षित होना है। तभी बालमजदूरी समस्या का परिष्कार होता है ।

भ्रष्टाचार के निर्मूलन में माता-पिता और प्राथमिक विद्याय के शिक्षक सहायक सिद्‌ध होते हैं। माता-पिता को अपने संतान को अच्छे गुण सिखाना है। प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक छात्रों को नैतिक मूल्य सिखाना है। तभी वह आगे बढ़ कर भ्रष्टाचार के निर्मूलन कर सकते हैं। तभी वे आदर्श छात्र आदर्श नागरिक बन सकते है। इस प्रकार ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने महत्वपूर्ण सुझाव दिये ।

**14.** अ) विजयाड़ा,
दि x x x x.

प्रेषक का पता :
वी. सीतादेवी,
सरकारी पाठशाला,
रामनगर, विजयवाड़ा ।

सेवा में
श्री प्रधानाध्यापक,
सरकारी पाठशाला,
रामनगर, विजयवाड़ा ।

पूज्य अध्यापकजी,

प्रणाम। मेरा नाम वी - सीतादेवी है। मैं दसवीं कक्षा पढ़ती हूँ। अगले सप्ताह में मेरी बहन की शादी दिल्ली में होनेवाली है। घरवालों के साथ मैं भी जाना चाहती हूँ। कृपा करके मुझे जाने की अनुमति दीजिए। ....... से ........ तक छुट्टी मंजूर कीजिए ।

धन्यवाद ।

आपकी विनम्र छात्रा,
वी. सीतादेवी,
दसवीं कक्षा,
क्र.सं : .......

(या)

आ) गुंटुर,
दि x x x x.

पूज्य पिताजी,

सादर प्रणाम । मैं यहाँ कुशल हूँ। आशा है कि आप सब वहाँ कुशल होंगे। मैं अच्छी तरह पढ़ रहा हूँ। वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी पाने के लिए प्रयत्न कर रहा हूँ। मुझे कुछ किताबों की आवश्यकता है। किताबे खरीदने के लिए एक हजार रुपये चाहिए। लेकिन मेरे पास पाँच सौ रुपये हैं। इसलिए कृपा करके आप मुझे पाँच सौ रुपये मनियार्डर कीजिए। माताजी को मेरे प्रणाम बताइये ।

आपका पुत्र,
x x x x.

पताः
वी. रामाराव,
डो.नं. 21 -34/12,
रामानगर,
विजयवाड़ा ।

**15. अ) वृक्ष हमारे साथी**

वृक्ष हमारे साथी हैं। वे अनादि काल से मानव समाज के मित्र हैं। वे हमारे ही नहीं पशु-पक्षी के भी साथी हैं। जीवन के राह में वे हमारी मदद करते ही रहते हैं। वृक्षों के बिना हमारा जीना मुश्किल है। इनसे हमें कई लाभ हैं।

1. वे हमें खाद्य पदार्थ देते हैं। इनसे हमें प्राणवायु मिलती है ।
2. वृक्षों से हमें छाया मिलती है ।
3. पेड की लडकियों से घर, भवन आदि बनाते हैं ।
4. पेड की लकडियों से ईंधन मिलता है ।
5. अनेक प्रकार की उपयोगी चीजें इनसे मिलती है । जैसे दरवाजे, कुर्सियाँ, गाडियाँ आदि।
6. वृक्षों से पर्यावरण साथ-सुथरा रहता है।
7. वृक्षों से वर्षा होती है ।

लेकिन आजकल वृक्षों को काट रहे हैं। इससे

www.apteachers.in

पर्यावरण में प्रदूषण फैल रहा है। प्रदूषण से अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैल रही हैं। वृक्षों को नहीं काटना है। वृक्षारोपण करना है। वृक्षों का संरक्षण करना है। वृक्षों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। वृक्षों से हमें प्राणवायु मिलती है। ये कार्बनडयाक्सेड लेकर आक्सिजन हमें देते हैं। इनसे हमारे जीवन की रक्षा होती है। हम इनकी रक्षा करे तो वे हमारी रक्षा करेंगे। वृक्षों रक्षति रक्षित : ।

**आ) राष्ट्रीय त्योहार जनवरी 26**

**प्रस्तावनाः** हमारे भारत देश में दो प्रकार के त्योहार मनाते हैं। 1) धार्मिक त्योहार 2) राष्ट्रीय त्योहार। 15 आगस्त `1947 में हमारा देश स्वतंत्र हुआ। उसी याद में हम स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। स्वतंत्रा के बाद भारत में नया संविधान का निर्माण हुआ। यह संविधान 26 जनवरी 1950 को देश में लागू किया गया। तब से भारत गणतंत्र राज्य घोषित किया गया। अत! हम इसी दिन गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते है ।

**विषय विस्तार :** यह राष्ट्रीय पर्व है। पूरे भारत देश में यह त्योहार धूमधामन से मनाते है। भारत की राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति की राजकीय सवारी निकलती है। राजपथ से लेकर लालकिला तक उत्सव मनाते है। जल, थल और वायु सेना मार्च करती हुई लाल किले तक पहुँचती हैं। लाल किले पर राष्ट्रपति झंडा वंदन किया जाता हैं। मुख्यतः विद्यालयों में झंडा फहराने का कार्यक्रम धूमधाम से होता है। भारत भर खुशी से यह त्योहार मनाते हैं।

**उपसंहार :** यह त्योहार हमें शहीदों की आद दिलाता है। महान राजनीतिज्ञ बाबू राजेन्द्रप्रसाद, डॉ. बी.आर. अंबेद्कर जैसे महान व्यक्तियों का स्मरण दिलाता है। कई महान नेताओं के बलिदान और परिश्रम का फल है आज हमारे गणतंत्र राष्ट्र भारतदेश उनके दिखाये गये मार्ग पर चलना हम सबका कर्तव्य है।

**इ) पुस्तकालय**

कम्प्यूटर को मानव का मस्तिष्क कहते है। आजकल के वैज्ञानिक साधनों में कम्प्यूटर का विशेष महत्व है। यह एक मशीन है। इससे मानव की बौद्धिक शक्ति की बचत होती है। आज हर एक क्षेत्र में इसकी उपयोगिता अधिक है ।

कम्प्यूटर को हिंदी में संगणक कहते हैं। गणना, गुणना आदि यह आसानी से कर सकता है। कम समय में अधिक काम करती है। विद्यालयों में इसकी शिक्षा दे रहे हैं। इससे बौद्धिक शक्ति का विकास होता है। साफ्टवेर और हार्डवेर शिक्षण लेकर युवक और युवतियाँ उपाधि पा रहे हैं। इसमें लोगो प्रिंटिंग, कमांड्स आदि होते हैं। इसमे स्थित कमांड्स दबाने से आवश्यक समाचार पा सकते हैं।

कम्प्यूटर सभी क्षेत्रों में उपयोगी साधन है। लेकिन इसका उपयोग अनुचित कार्यक्रमों में करने से समाज का नाश होगा। कम्प्यूटर की प्रगति दिन-ब-दिन बढ़ रही है। भविष्य में यह मानव जीवन का अविभाज्य अंग बनेगा। इससे देश की उन्नति होगी ।

**ई) दूरदर्शन**

आजकल के वैज्ञानिक और मनोरंजक साधनों में दूरदर्शन का स्थान महत्वपूर्ण है। इसे टेलीविजन कहते हैं। टेलीविजन ग्रीक भाषा का शब्द है। टेली का अर्थ दूर और विजन का अर्थ प्रतिबिंब है। इंग्लैंड के जे-यल बेयर्ड और जेकिंस नामक वैज्ञानिकों ने दूरदर्शन का आविष्कार किया। मानव को मनोरंजन देनेवाले साधनों में दूरदर्शन महत्वपूर्ण है। दूरदर्शन से कई लाभ हैं। हम घर बैठे संसार भर के विषय सुन और देख सकते हैं। अनेक विषयों की जानकारी इससे प्राप्त कर सकते है। व्यापार क्षेत्र में इसका योगदान महत्वपूर्ण है। इसमें देनेवाले विज्ञापनों के द्‌वारा आमदनी मिलती है। शैक्षिक कार्यक्रम हम इनके द्‌वारा देख सकते हैं। खेलकूद गीत-संगीत, नृत्य, धारावाहिक आदि कई विषय देख सकते हैं।

दूरदर्शन से कुछ हानियाँ भी हैं। अधिक समय देखने से बच्चों की पढ़ाई नष्ट होती है। उनकी आँखें खराब होती हैं। इसलिए हमें आवश्यक कार्यक्रम ही देखना है। सचमुच दूरदर्शन एक मशदूर मनोरंजक साधन है।

**भाग - V**

**V.** 16. किरपा
17. बनाएंगे
18. 1556
19. के
20. लोग
21. अनेकता
22. द्वंद्व समास
23. पौ + अन
24. अन
25. ईय
26. गद् गद् होना
27. लड़कियाँ सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं ।
28. स्त्रियाँ ढ़ोलक की मदद से गाती हैं ।
29. हामिद चिमटा खरीदता है ।
30. मैं अपना काम करता हूँ ।

www.apteachers.in